


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,सोमवार 6 मई 2024 ■ बैसाख कृष्ण पक्ष-12 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-038 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 7 मई 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### क्या कार्रवाई करनी है ये पार्टी को करना है निर्णय : बैज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने भी मीडिया से चर्चा कर बयान दिया है. उन्होंने कहा कि दो-तीन चीज उन्होंने कहा है. मैं राम भक्त हूं और पार्टी कार्यालय में अभद्रता हुई है. मैंने आईसीसी से इसका परीक्षण करने कहा है. मैंने जांच कर रिपोर्ट एआईसीसी को भेज दी है. आज हमारे कंट्रोल रूम में हो या अन्य जगह महिलाएं काम कर रही है. कांग्रेस में ऐसा कभी नहीं हो सकता है. उन्होंने बताया कि राधिका खेड़ा और सुशील आनंद के बीच छोटी-मोटी बहस होती रहती थी. पीसी के अधिकार को लेकर विवाद हुआ था यह सच है. रही बात राम मंदिर जाने की तो ये सही नहीं है, तो उससे किसी को कोई दिक्कत नहीं है. राधिका खेड़ा के बीजेपी में शामिल होने की संभावनाओं पर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि शामिल होना न होना उनका व्यक्तिगत निर्णय है. अगर जो गलत है तो पार्टी करवाई करेगी.

### भूपेश बघेल बनाए गये रायबरेली के पर्यवेक्षक

**नई दिल्ली,6 मई.** कांग्रेस ने भूपेश बघेल को रायबरेली और अशोक गहलोत को अमेठी का एआईसीसी वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। राहुल गांधी उत्तर प्रदेश की रायबरेली सीट से लोकसभा चुनाव 2024 लड़ रहे हैं। नेहरू-गांधी परिवार का गढ़ जो उनकी मां सोनिया गांधी ने खाली किया था। गांधी परिवार के वफादार किशोरी लाल शर्मा को अमेठी से मैदान में उतारा गया है, वह सीट जहां राहुल गांधी 2019 में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से हार गए थे। कांग्रेस पार्टी ने दो सीटों के लिए नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 3 मई को उम्मीदवारों के नाम जारी किए थे।

# लोकतंत्र के महापर्व का छग में अंतिम चरण 7 को

## रायपुर,दुर्ग,बिलासपुर, रायगढ़,अंबिकापुर, कोरबा,जांजगीर-चांपा में मतदान

**रायपुर,6 मई.** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 12 राज्यों की 94 सीटों पर 7 मई को वोटिंग होगी. छत्तीसगढ़ के 7 सीटों में वोट डाले जाएंगे. जिसमें रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, दुर्ग, रायगढ़, सरगुजा, जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र में वोट डाले जाएंगे. वहीं आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी




रीना बाबासाहेब कंगाले ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण की तैयारियों के संबंध में जानकारी दी. उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ की 7 लोकसभा सीटों के 58 विधानसभा क्षेत्रों में सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होगा. इन लोकसभा क्षेत्रों में मतदाताओं की कुल संख्या 1 करोड़ 39 लाख 01 हजार 285 है. पिछले चरण की तुलना में इस बार मतदाताओं की संख्या में 9.34 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. इस बार के चुनाव में 11 लाख 87 हजार 470 मतदाता नए हैं. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि कल राज्य में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है.तृतीय चरण में कुल 25 मतदान केंद्र को असुरक्षित, 1072 मतदान केंद्र को संवेदनशील घोषित किया गया है. इन मतदान केंद्रों में अतिरिक्त सुरक्षा के लिए वेब कास्टिंग, वीडियोग्राफी की व्यवस्था की जाएगी. कुल 283 मतदान केंद्र ह्यद्बह्लस्रश्2 ड्डह्म्द्ग के रूप में चिन्हांकित किए गए हैं. 15 हजार 701 मतदान केंद्रों में से 7887 मतदान केंद्रों पर वेब कास्टिंग की सुविधा उपलब्ध होगी. रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, दुर्ग, जांजगीर-चांपा, सरगुजा, रायगढ़ के 15 हजार 701 मतदान केंद्र में 37855 बैलट यूनिट, 19097 कंट्रोल यूनिट, 20984 वीवीपैट से मतदान होगा.

**मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए सुविधाएं**-गर्मी को देखते हुए इस बार मतदान केंद्रों में वेटिंग हाल की अतिरिक्त व्यवस्था व्यवस्था की गई है. कूलर की भी व्यवस्था की गई है. मतदान केंद्रों में पंडाल लगाए जायेंगे. पेयजल, नींबू पानी और ह्रूस् घोल की व्यवस्था की जाएगी. वहीं मेडिकल कीट के साथ मितानिनें भी मौजूद रहेंगी.

कुल मतदाता 1 करोड़ 39 लाख 01 हजार 285

पुरुष मतदाता 69 लाख 33 हजार 121

महिला मतदाता 69 लाख 67 हजार 544

तृतीय लिंग मतदाता 620

फर्स्ट टाइम वोटर्स की संख्या 3 लाख 98 हजार 416

**मतदान केंद्र और ड्यूटी में तैनात कर्मियों की जानकारी**

तीसरे चरण में मतदान के लिए 77592 मतदान कर्मियों की नियुक्ति की गई है.

कूल 2809 संगवारी मतदान केंद्र बनाये गए हैं.

306 आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए हैं.

235 मतदान केंद्र युवाओं द्वारा संचालित होंगे.




# मंत्री के पीएस के नौकर के घर में मिला 20 करोड़ से ज्यादा कैश

**रांची,6 मई.** झारखंड की राजधानी रांची से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आई है. यहां झारखंड सरकार में ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव के आवास पर प्रवर्तन निदेशालय ने छापेमारी की है. कांग्रेस नेता आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल के सहायक जहांगीर आलम के घर से ईडी को अब तक 20 करोड़ रुपये कैश बरामद हुआ है. नोटों की गिनती के लिए मशीन की मदद ली जा रही है. गिनती अभी जारी है. जानकारी के मुताबिक प्रवर्तन निदेशालय (ईडी ) रांची में कई ठिकानों पर छापेमारी कर रहा है. वीरेंद्र राम मामले में झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के पीएस - संजीव लाल के घरेलू सहायक से भारी मात्रा में नकदी बरामद की गई. ईडी ने कुछ योजनाओं के कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में फरवरी 2023 में झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के मुख्य अभियंता वीरेंद्र के. राम को गिरफ्तार किया था. ईडी ने आलमगीर आलम के पीएस के सहायक समेत कई और ठिकानों पर छापेमारी की है. जिसमें राज्य के पथ निर्माण विभाग में इंजीनियर विकास कुमार के रांची स्थित आवास पर भी छापेमारी चल रही है. मंत्री आलमगीर आलम पाकुड़ विधानसभा से कांग्रेस के चार बार विधायक रहे हैं. आलम अभी झारखंड सरकार में संसदीय कार्य और ग्रामीण विकास मंत्री हैं. इससे पहले आलमगीर आलम 20 अक्टूबर 2006 से 12 दिसंबर 2009 तक झारखंड विधानसभा अध्यक्ष भी रहे थे. 2000 में पहली बार वह विधायक बने.



# छग में कांग्रेस नेताओं ने मुझसे बदतमीजी की: खेड़ा

**नई दिल्ली,6 मई.** राधिका खेरा मामले को लेकर छत्तीसगढ़ से दिल्ली तक सियासी सरगर्मी बढ़ गई है। चुनावी माहौल में राधिका खेड़ा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कांग्रेस पार्टी पर कई गंभीर आरोप लगाए है, राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेरा ने कांग्रेस के नेताओं पर बदतमीजी और गाली-गलौज कर बेइज्जत करने की बात कही।

कांग्रेस राम विरोधी है , हिंदू विरोधी है यह सुनती आ रही थी, 22 साल पार्टी में रही कभी नहीं माना, लेकिन मेरी आंखों से पर्दा उस दिन हटा जब मैं खुद राम लला के दर्शन करने गई। मैं दर्शन करके आई तो मैं राम मय हो चुकी थी, मैने अपने घर में एक राम ध्वज लगाया, इसके बाद मुझे पार्टी में डांट लगाई गई। मुझे डिबेट में कम भेजा गया।।मेरे खिलाफ षड्यंत्र रचा जा रहा था।

मुझे छत्तीसगढ़ में लगातार अपमानित किया जा रहा था, मलगातार मुझे कोरबा में कमरे में सामने आकर शराब ऑफर की। मेरे कमरे को



खटखटाया। हद्द तब पर हुई जब 30 तारीख को कांग्रेस दफ्तर छत्तीसगढ़ में बात करने गई तो मुझे गालियां दी गई. चिल्लाने लगे, बदतमीजी की मेरे साथ। मैने जब रिकॉर्ड करने की कोशिश की तो, दो अन्य लोगों ने गेट बंद किया गया, कुंडी लगा दी। मुझे दरवाजा नहीं खोलने दिया गया। मुझसे बदसलूकी की गई। जो उस पल मेरे साथ हुआ, मेरे रोंगटे खड़े हो जाते है, मैने सबसे पहला कॉल प्रभारी सचिन पायलट को किया।। मैने सारे घटनाक्रम से अवगत करवाया मुझे चुप रहने को कहा गया। भूपेश बघेल ने भी मेरा कॉल नहीं उठाया। बाद में बघेल ने फोन कर कहा छत्तीसगढ़ छोड़कर चले जाओ.पवन खेरा, जयराम रमेश किसी ने मेरा कॉल नहीं उठाया।

क्या मेरा राम मंदिर जाना इतना चुभ गया की मेरे खिलाफ यह षड्यंत्र रचा गया। अगर मैं कोऑर्डिनेट करके नहीं चलती , तो क्या मुझे कमरे में बंद करके बदसलूकी की जाएगी। मैने 6 दिन इंतजार किया, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी , अध्यक्ष खरगे सबको मैंने अपना बताया लेकिन किसी ने एक्शन नहीं लिया। नारी न्याय कागज पर है, धरातल पर नहीं। दीपक बैज ने मेरे से कहा, आप शराब पीती है न, कितनी पीती है।




एक नजर

### अधिकारी को जान से मारने की धमकी

**भिलाई, 6 मई।** भिलाई अवैध आहता पर कार्रवाई करने पहुंचे अधिकारी और और उनकी टीम को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है रिपोर्ट पर मोहन नगर पुलिस ने आहता संचालक, उसकी पत्नी और बेटे के खिलाफ धारा 186, 294,353,506,34 के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया है। मोहननगर पुलिस ने बताया कि उरला दारू भट्ठी के पास संचालित एक अवैध अहाता पर कार्रवाई करने सहायक जिला आबकारी अधिकारी निर्मला ठाकुर अपने स्टॉफ आबकारी आरक्षक अशोक वर्मा, आबकारी आरक्षक संदीप तिर्की, कम्प्युटर आपरेटर नितिन देशमुख, डिगेन्द्र साहू ड्राइवर वहां पहुंचे जाकर देखने पर पता चला कि लल्लन सिंह नाम का व्यक्ति दारू भट्ठी के पास अवैध रूप से अहाता संचालित कर रहा है। जबकि पूर्व में भी इसकी शिकायत मिलने पर अहाता संचालक को समझाइश दी गई थी इसके बाद भी वहां पर अहाता का संचालन किया जा रहा था मौके पर अहाता संचालक लल्लन सिंह का बेटा मिला जिसे सहायक जिला आबकारी अधिकारी ने दोबारा समझाइश देते हुए अहाता बंद करने के लिए कहा। इसके बाद वे दारू दुकान का स्टॉक चेक करने के लिए चली गई।

### बाइक अनियंत्रित होकर गिरी,3 घायल

**भिलाई, 6 मई।** भिलाई पाटन शराब दुकान के आगे सिपकोना के पास एक बाइक पर तीन लोग सवार थे तीनों काफी तेज गाड़ी चला रहे थे गाड़ी अनियंत्रित हुई और सीधे सड़क किनारे घुस गई इस घटना को पीछे से आ रहे बाइक सवार देख रहा है उससे भी गाड़ी अनियंत्रित हुई और वह भी बाइक सहित सड़क के नीचे आ गया इस घटना में एक गंभीर है तीनों युवक दैमार व एक जो पीछे स्कूटी पर था वह पाटन का रहना वाला बताया जा रहा है जानकारी के मुताबिक सिपकोना मोड के पास हुई इस सड़क दुर्घटना में दैमार का रहने वाला 22 वर्षीय युवक ललित पिता अशोक का हाथ टूट गया है वहीं दैमार के ही दो अन्य युवक देवेंद्र पिता कोमल (20), तोमन पिता मोहन (19) और पाटन के गुलशन पिता शरद (22) घायल हो गए हैं इनमें से तीन को रेफर किया गया है।

### वायुसेना कर्मचारी से लाखों की ठगी

**भिलाई, 6 मई।** भिलाई जामुल निवासी वायुसेना का एक कर्मचारी 6 लाख रुपए की धोखाधड़ी का शिकार हो गया अज्ञात ने मोबाइल पर एक आईडी भेजकर टॉक्स के बहाने झांसा दे दिया रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है जामुल पुलिस ने बताया कि जामुल निवासी नितिन यादव वर्तमान में वायुसेना में कार्यरत है उसकी पोस्टिंग नासिक (महाराष्ट) टेलीग्राम में उसे अज्ञात आईडी से मैसेज आया। इसमें कुछ टॉक्स दिया था। गूगल में जाकर लाइक करना था इसमें लाइक करने पर 50 रुपए मिलता था अचानक ऐसे टॉक्स आने लगे तो जिसमें 3 हजार रुपए के बदले 3900 रुपए और इसी तरह से पैसे बढ़ते रहे 29 अप्रैल तक फोन पे के माध्यम से आईडी में 20 हजार और 50 हजार रुपए भेजे गए।

### वाहन के नाम पर ठगी,जुर्म दर्ज

**भिलाई, 6 मई।** भिलाई खैरागढ़ के रहने वाले एक व्यक्ति को वाहन खरीदाकर शोरुम में किराए में चलाने का झांसा देकर वाहन को गबन कर लिया गया रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 406,34 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है सुपेला पुलिस ने बताया कि ग्राम- गर्रा थाना छुईखादन जिला खैरागढ़ निवासी कृष्णा लोधी (39 वर्ष ) ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसकी पहचान दीपक के माध्यम से विश्वजीत सोनी निवासी अवंती चौक कोहका से हुई। उसने कहा कि 7 सीटर वाहन ले लो मेरे पहचान वाले महादेव टे वर्ल्स में लगवा देंगे हर महीने 20 हजार रुपए दे दूंगा और किश्त भी पटा दूंगा तब प्रार्थी विश्वजीत सोनी की बातों में आकररेनाल्ट शोरुम सुपेला से 26 नवंबर 2021 को वाहन खरीद लिया उस समय विश्वजीत सोनी व महादेव शोरुम से जय चौहान कार लेकर चले गए। दो महीने बाद किश्त नहीं पटने से फाइनेंस कंपनी वालों ने फोन किया तब प्रार्थी को पता चला कि किश्त भी नहीं पटा रहे हैं और न पैसा दिया गाड़ी फाइनेंस कराकर वाहन गबन कर लिया गया।

### नगर निगम ने घर- घर व दुकानों में मतदाताओं को बांटे विनती-गेलोली पाम्पलेट

**दुर्ग, 6 मई।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के दिशा निर्देश पर लोकसभा निवार्चन 2024 नगर निगम द्वारा सीमाक्षेत्र अंतर्गत मतदाताओं को मतदान के लिए घर- घर व दुकानों में विनती-गेलोली पाम्पलेट एवं जागरूक करने प्रत्येक बूथ में स्वीप रथ पाम्पलेट बांटे गए। मतदाताओं को घर-घर एवं शहर क्षेत्र के दुकानों में पाम्पलेट वितरण कर शत- प्रतिशत मतदान हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार कर अपील किया जा रहा है।

# प्रत्याशियों का खेल ख़त्म, अब मतदाताओं के पाले में गेंद

**मतदान को लेकर भारी उत्साह, पहली बार वोट डालने वाले युवाओं में जोश**

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 6 मई ।** बहुत हुई राजनितिक नेताओं की कसरत और चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के खेल ! अब गेंद मतदाताओं के पाले में है और मंगलवार 7 मई को चुनाव आयोग की ईवीएम में वे दिन भर अपनी पसंद के प्रत्याशी के नाम और निशान के आगे बटन दबाकर उन्हें लोकसभा में जाने का मार्ग प्रशस्त करेंगे। चुनाव को लेकर सारी तैयारियां हो चुकी हैं। डीएम एवं एसपी ने कोआर्डिनेशन बनाकर पिछले कई दिनों लगातार मॉनिटरिंग करते हुए व्यवस्था को चाक-चौबंद कर दिया है। जिलाधीश एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जहाँ स्थानीय निकायों और अन्य प्रशासनिक अमलों को लेकर चुनावी दृष्टिकोण से प्रशासनिक कसावट मजबूत की है, वहीं पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला ने कानून व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस अमले को पूरी तरह से सतर्क रखा है। संसदीय क्षेत्र में लगातार फ्लैग मार्च और संवेदनशील मतदान केंद्रों की पहचान के साथ ही मतदाता जागरूकता के प्रयासों के चलते सभी जगह मतदान को लेकर उत्साह का वातावरण देखा जा रहा है।

उधर राजनीतिक दलों ने भी मतदान को लेकर अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। प्रत्याशियों का जनसम्पर्क पूरा हो गया है वहीं बूथों पर बैठने वाले अभिकर्ताओं की नियुक्तियां भी हो चुकी हैं। यहाँ मुख्य रूप से मुकाबला तो बीजेपी और कांग्रेस के बीच ही है लेकिन अन्य प्रत्याशियों में भी जोश का माहौल है। उन्होंने भी तगड़ा चुनाव प्रचार किया और बूथों पर अपने अभिकर्ताओं की तैनाती भी कर रहे हैं। इन सबके बीच ईवीएम पर बटन दबाकर प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करने वाला मतदाता अभी भी अपने दिमाग में गुणा-भाग लगा रहा है। वोट किसे दें, इसे लेकर अपने परिवार में चर्चा कर रहा है। खासकर पहली बार वोट डालने वाले युवा मतदाताओं में खासा जोश देखे को मिल रहा है।

## दुर्ग लोकसभा में 20 लाख 90 हजार 414 मतदाता चुनेंगे सांसद

भिलाई, 6 मई। लोकसभा चुनाव 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 07 दुर्ग में तीसरे चरण में 07 मई दिन मंगलवार को मतदान होगा। 20 लाख 90 हजार 414 मतदाता चुनेंगे सांसद संसदीय क्षेत्र दुर्ग में 09 विधानसभा क्षेत्र (62 पाटन, 63 दुर्ग ग्रामीण, 64 दुर्ग शहर, 65 भिलाई नगर, 66 वैशाली नगर, 67 अहिवारा, 68 साजा, 69 बेमेतरा, 70 नवागढ़) शामिल है। मतदान केन्द्रों की संख्या 2223 है। सहायक मतदान केन्द्रों की संख्या 36 (29 जिला दुर्ग, 07 जिला बेमेतरा) है। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत मतदाताओं की संख्या 2090414 है। जिसमें पुरुष 1042000 मतदाता, महिला 1048360 एवं अन्य 54 मतदाता है। आयु वर्ग के अनुसार मतदाताओं की संख्या 18 से 19 वर्ष के 56330, 20 से 29 वर्ष के 460852, 30 से 39 वर्ष के 620513, 40 से 49 वर्ष के 416849, 50 से 59 वर्ष के 294945, 60 से 69 वर्ष के 153535, 70 से 79 वर्ष के 68935 और 80 प्लस वर्ष के 18445 मतदाता है। मतदान दलों को सामग्री वितरण/वापसी विधानसभा क्षेत्र 63 दुर्ग ग्रामीण एवं 67 अहिवारा के लिए शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज दुर्ग को मतदान सामग्री वितरण केन्द्र बनाया गया है। विधानसभा क्षेत्र 62 पाटन, 64 दुर्ग शहर 68 साजा (आंशिक), 69 बेमेतरा (आंशिक) के लिए मानस भवन दुर्ग को मतदान सामग्री वितरण केन्द्र बनाया गया है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र 65 भिलाई नगर एवं 66 वैशाली नगर के लिए शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग (साइंस कॉलेज दुर्ग ) को मतदान सामग्री वितरण केन्द्र बनाया गया है। श्री शंकराचार्य इंजीनियरिंग कॉलेज जुनवानी भिलाई में मतदान सामग्री वापसी, स्थल, मतगणना एवं स्ट्रांग रूम बनाया गया है। विधानसभा 68 साजा (आंशिक) तथा 69 बेमेतरा (आंशिक) के क्रमशः 101 तथा 22 मतदान केन्द्रों की सामग्री का वितरण मानस भवन दुर्ग से किया जाएगा तथा वापसी श्री शंकराचार्य इंजीनियरिंग कॉलेज जुनवानी में होने के उपरांत कृषि उपज मंडी बेमेतरा को भेजा जाएगा। जिसकी

## रेखराम बंछोर ने जामुल में किया घर-घर चुनाव प्रचार



जामुल। वार्ड क्रमांक 19 एवं 20 में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ दुर्ग लोकसभा के सांसद प्रत्याशी विजय बघेल को भारी बहुमत से विजयी बनाने के लिए प्रचार प्रसार करते हुए नगर पालिका परिषद जामुल के पूर्व अध्यक्ष रेखराम बंछोर साथ में जामुल मंडल अध्यक्ष जोगेशवर सोनी, महामंत्री नूतन वर्मा, प्रशांत गुप्ता, पार्षद अहेलिया वर्मा, पूर्व पार्षद बिशेशवर वर्मा, मेघनाथ साहू, शंकर साहू, संजय यादव, ध्रुव देवांगन, ओमप्रकाश साहू, पूर्व पार्षद योगेश वर्मा, सरस बर्मन, दुजे वर्मा, यशवंत ठाकुर, किशन गर्ग, लेखराम पाल एवं पार्षद रामदुलार साहू समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं शामिल हुए।

## सट्टापट्टी लिखने वालों और खाइवालों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 6 अप्रैल।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक पल्लव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार (भा.पू.से.) द्वारा कबीरधाम पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित साइबर सेल कवर्धा को सट्टा संचालित करने वालों खाइवालों सहित अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर विशेष अभियान के अंतर्गत पतासाजी कर आवश्यक कार्यवाही करने तथा सट्टा के कारोबार पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में उप पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में साइबर सेल एवं कोतवाली कवर्धा की सयुंक्त टीम गठित की गयी है टीम को दिनांक 05.05.24 को सूचना प्राप्त हुई कि थाना कोतवाली कवर्धा क्षेत्रांतर्गत कुछ व्यक्ति अंको पर दांव लगाकर सट्टा खेल रहे हैं।



जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में साइबर सेल कवर्धा तथा थाना कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थानो पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्तियों को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम क्रमशः 01. शिवकुमार मिरि निवासी कवर्धा जिला कबीरधाम 02. लोकेश देवार कवर्धा जिला कबीर धाम 03. भाई राम देवार कवर्धा जिला कबीरधाम 04. अब्दुल नईम कवर्धा जिला कबीरधाम 05. पवन देवांगन कवर्धा 06. लक्ष्मण निषाद कवर्धा का होना बताये । वहीं एक अन्य खाइवाल धर्मेंद्र आडिले निवासी सतनामी पारा कवर्धा पुलिस के डर से फरार हो गया टीम के सदस्यों द्वारा पकड़ाए व्यक्तियों पास रखे मोबाईल फोन में अंको के माध्यम से सटटा खेलने का चैटिंग पाया गया तथा जेब से सट्टा पट्टी भी बरामद किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा सट्टा खेलने एवं इसमें संलिप्त आरोपियों को संयुक्त टीम द्वारा विधिवत गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लाखों रुपए की सटटा -पटटी, विभिन्न कम्पनियों के 06 नग मोबाईल फोन कीमती करीबन डेढ़ लाख रुपए जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना कवर्धा मे धारा 06, 07 छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। प्रकरण में मामले की बारीकी से हर पहलुओं पर विवेचना की जा रही है । उपरोक्त कार्यवाही में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक आशीष कंसारी, निरीक्षक लालजी सिन्हा प्रभारी सिटी कोतवाली कवर्धा , सउनि चंद्रकांत तिवारी, चंद्रभूषण सिंह , सुरेश जायसवाल प्रधान आरक्षक वैभव कलचुरी, , चुम्मन साहूहिरेन्द्र प्रताप , पियूष मिश्रा, अभिनव तिवारी, आरक्षक गज्जू सिंह , अमित ठाकुर, आकाश राजपूत, विजय शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## स्वास्थ्य विभाग ने दिया लू तापघात प्रबंधन का प्रशिक्षण



**पाटन,6 मई।** स्वास्थ्य विभाग के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों को बेसिक लाइफ सेविंग स्किल एवं लू तापघात प्रबंधन का प्रशिक्षण 4 मई को जनपद पंचायत सभागार पाटन में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। डॉ आशीष शर्मा बीएमओ पाटन ने बताया कि आगामी लोक सभा निर्वाचन में मतदान केंद्रों में स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के निर्देश जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त हुए हैं। जिसके परिपालन में एसडीएम पाटन दीपक कुमार निकुंज, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला दुर्ग डॉ जे पी मेश्राम और जिला नोडल अधिकारी डॉ सीबीएस बंजारे के मार्गदर्शन में प्रत्येक मतदान केंद्रों में ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों, मितानिनों की ड्यूटी आवश्यक दवाओं के साथ लगाई गई है। आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं हेतु प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकीय दलों को एंबुलेंस के साथ तैनात किया गया है। स्वास्थ्य कर्मियों को स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने बेसिक लाइफ सेविंग स्किल, कार्डियो पल्मोनरी रिसक्सिटेशन, मिर्गी के दौरे, चोट, लू प्रबंधन, स्नेक बाइट आदि आपातकालीन स्वास्थ्य एवं चिकित्सकीय प्रबंधन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। उक्त सत्र में डॉ सी बी एस बंजारे, डॉ आशीष शर्मा, डॉ अंकिता बोधनकर, दीपक सिंह क्षत्रिय, खंड विस्तार एवं प्रशिक्षण अधिकारी बी एल वर्मा,चंद्रकांता साहू ने विस्तार से हैंड्स ऑन प्रशिक्षण प्रदान किया।

### मतदान दलों एवं माइक्रो आब्जर्वर्स का किया गया रेण्डमाईजेशन

**दुर्ग, 6 मई ।** लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 07 दुर्ग में 7 मई को होने वाले मतदान के लिए मतदान दलों एवं माइक्रो आब्जर्वर्स का रेंडमाइजेशन आज प्रेक्षक श्री श्रीकेश लथकर (आईएएस) और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की मौजूदगी में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में किया गया। बैठक में मतदान दलों के रेण्डमाईजेशन अंतर्गत विधानसभा 62 पाटन के 246 मतदान केंद्रों, 63 दुर्ग (ग्रामीण) के 230 मतदान केंद्रों, 64 दुर्ग (शहर) के 224 मतदान केंद्रों, 65 भिलाई नगर के 169 मतदान केंद्रों, 66 वैशाली नगर के 256 मतदान केंद्रों, 67 अहिवारा के 260 मतदान केंदों, 68 साजा के 102 मतदान केंद्रों एवं 69 बेमेतरा के 22 मतदान केंद्रों हेतु कुल 7243 मतदान अधिकारियों का रेण्डमाईजेशन किया गया।

## मतदान के लिए महेश चतुर्वेदी ने की जनता से अपील

**भिलाई, 6 मई।** अपने सजीव चित्रों से देश-दुनिया में छत्तीसगढ़ को विशेष पहचान दिलाने वाले अंतर्राष्ट्रीय चित्रकार एवं भिलाई स्टील प्लांट के अवकाश प्राप्त अधिकारी महेश चतुर्वेदी ने लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं से मार्मिक अपील की है। उन्होंने अपने सन्देश में कहा है कि मतदान करना हमारा परम कर्तव्य है। हमारे एक वोट का बड़ा महत्त्व है। इससे लोकतंत्र मजबूत होता है और सबसे बड़ी बात एक अच्छी सरकार बनने का मार्ग प्रशस्त होता है। हमें चुनाव के अनुष्ठान में जरूर भाग लेना चाहिए और अपने परिवार, आस-पड़ोस, संगी-साथी के साथ मतदान कर एक अच्छे प्रत्याशी का चुनाव करना चाहिए। महेश चतुर्वेदी ने अपने चित्रों के माध्यम से भी मतदाताओं को आकर्षित किया है।



## शत-प्रतिशत मतदान कर करें दुर्ग का नाम रोशन :चन्द्राकर



**भिलाई, 6 मई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त व्याख्याता भूगोल परिवार और भारत विभूति आल्हा गायन दाल के मुखिया नारायण चन्द्राकर ने दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं से विनती की है कि वे शत-प्रतिशत मतदान के लिए मंगलवार को सपरिवार अपने बूथों पर जाएं और निष्पक्ष मतदान में हिस्सा लेकर दुर्ग का नाम रोशन करें। चन्द्राकर ने आल्हा गायन के माध्यम से भी गांव-गांव में चुनाव का लकध जगाया है और लगातार अपनी मंडली के साथ मतदाता जागरूकता के लिए लगे रहे।

## मयारू मतदाता मन 7 मई के मतदान होवइया हे, जरूर आहु : डीएम

**भिलाई, 6 मई।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के दिशा निर्देश पर लोकसभा निवार्चन 2024 नगर निगम द्वारा सीमा क्षेत्र अंतर्गत मतदाताओं को मतदान के लिए घर- घर व दुकानों में विनती-गेलोली पाम्पलेट एवं जागरूक करने प्रत्येक बूथ में स्वीप रथ पाम्पलेट बांटे गए। मतदाताओं को घर-घर एवं शहर क्षेत्र के दुकानों में पाम्पलेट वितरण कर शत- प्रतिशत मतदान हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार कर अपील किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने बताया कि घर-घर विनती-गेलोली पाम्पलेट लेकर शत प्रतिशत मतदान करने मतदाताओं को प्रेरित किया जा रहा है। कलेक्टर व



जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने मतदाताओं से विनती कर अपील की है। विनती-गेलोली जिला प्रशासन के अभियान, सरलहा अउ समलाती मतदान दुर्ग के मयारू मतदातामन, जय जोहार ! आपमन जानत हव कि 07 मई, 2024 के लोकसभा मतदान होवइया है। जिला प्रशासन डहर ले आपमन के सरलहा अउ समलाती मतदान बर केन्द्र मन में सबो सुभीता पक्का करे गय हे। अब आप सबो मतदातामन के पारी हे कि अपन दुर्ग क्षेत्र ल सुग्घर मतदान के चिन्हारी देवावव। देश गढ़ई अउ सच्चा जनप्रतिनिधि चुनई आपमन के अधिकार ए। ठिन्ना लोकतंत्र के सौ प्रतिशत मतदान बर हम सबो के भाग लेवई जरूरी हे। मैं आप सबो मतदाता मन ले विनती करत हंव कि अपन कुटुम अउ संगवारी मन समेत ठीक बेरा में आके मतदान खचित करव। इस पहल से जिले एवं शहर में मतदान की औसत बढ़ेगी। शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य हासिल करने मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

## कलेक्टर ने किया मतदान सामग्री वितरण केन्द्रों का निरीक्षण

**दुर्ग 6 मई ।** जिले में लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत तृतीय चरण में 07 मई 2024 को मतदान संपन्न होगा। दुर्ग जिले में मतदान दलों को सामग्री वितरण कर संबंधित मतदान केन्द्रों के लिए रवानगी तीन अलग-अलग स्थानों पर किया जाएगा। सामग्री वितरण केन्द्रों में संपूर्ण तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। सुबह 7 बजे मतदान दलों को सामग्री वितरण किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज मतदान सामग्री वितरण स्थल मानस भवन, शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज और शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय (साइंस कॉलेज दुर्ग) का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को मतदान से संबंधित वितरण सामग्री, निर्धारित स्टॉलवार, समयावधि में वितरण कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों को सामग्री प्राप्ति करने में किसी प्रकार की दिक्कते न हो। सामग्री प्राप्त कर मतदान सामग्री मिलान कर लिये दलों को रूट अनुसार वाहनों के माध्यम से संबंधित मतदान केन्द्रों तक पहुंचायी जाए। कलेक्टर ने मतदान दल में शामिल अधिकारी-कर्मचरियों के लिए वाहन पार्किंग एवं वाहन व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने आरटीओ को सभी बस ड्रायवरों को आवश्यक समझाईश देने की सलाह दी। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने संबंधित प्रभारी अधिकारियों को कार्य बेहतर ढंग से करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी मतदान दलों को प्रातः 10 बजे तक रवानगी करने हरसंभव प्रयास करने कहा है।

### जिला दण्डाधिकारी ने किया प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**दुर्ग 6 मई ।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले में लोकसभा निर्वाचन निर्विघ्न, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराने के उद्देश्य से संपूर्ण दुर्ग जिले की राजस्व सीमा अंतर्गत निर्वाचन वाले क्षेत्रों में दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 144 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश एक पक्षीय रूप से पारित किया है। जिला दण्डाधिकारी के आदेशानुसार जिला दुर्ग में बाहरी व्यक्तियों / अभ्यर्थियों / राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों / चुनाव प्रचार में संलग्न कार्यकर्ता जो उस निर्वाचन क्षेत्र का मतदाता नहीं है उन्हें मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पूर्व से मतदान समाप्ति तक संबंधित क्षेत्र में आवागमन पर प्रतिबंध लगाया गया है। किसी भी प्रत्याशी या राजनैतिक दल द्वारा सामुहिक भोज / रसोई का आयोजन नहीं किया जाएगा। अतिथि भवनों और धर्मशालों को भी सतर्कता के तहत रखा जाये ताकि यह सुनिश्चित किया जा सकें कि इन्हें राजनीतिक पार्टियों या उम्मीदवारों द्वारा मतदाताओं को किसी भी तरीके से प्रभावित करने के लिए उपयोग नहीं किया >

# लोकसभा निर्वाचन शांति से कराने सुरक्षा में लगे जवानों को अलर्ट रहना है:श्रीकेश

**दुर्ग,6 मई ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 07 दुर्ग के लिए मतदान दिवस 7 मई के 72 घंटे पूर्व कानून व्यवस्था के संबंध में प्रेक्षकगणों श्री श्रीकेश लथकर, पुलिस प्रेक्षक श्री अनुपम शर्मा एवं व्यय प्रेक्षक श्री प्रसन्ना वी. पत्तनशेट्टी की अध्यक्षता में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है।



बैठक में प्रेक्षक श्री श्रीकेश लथकर ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार निर्वाचन की गतिविधि जिले में सुचारू रूप से शांतिपूर्वक संचालित हो सके इस दिशा में हर स्थिति में कानून व्यवस्था बनाये रखते हुए गंभीर प्रकरणों पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें। इस बार लोकसभा निर्वाचन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके इसके लिए सुरक्षा में लगे जवानों को अलर्ट रहना है। उन्होंने केंद्रीय सशस्त्र बलों के अधिकारियों को कहा कि मतदान दिवस को पुलिस तथा प्रशासन के अधिकारियों के साथ ट्यूनिंग बनाकर फील्ड पर गश्त करें। शांतिपूर्ण मतदान में आप सभी की भूमिका महत्वपूर्ण है। व्यय प्रेक्षक श्री प्रसन्ना वी. पत्तनशेट्टी ने कहा कि सभी अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करें। निर्वाचन कार्य को प्रभावित करने वाले कार्य अवैध शराब परिवहन, नगदी एवं अन्य वस्तुओं के जप्ती की कार्रवाई चेक पोस्ट में होते रहनी चाहिए।पुलिस प्रेक्षक श्री अनुपम शर्मा ने जिला प्रशासन द्वारा निर्वाचन संबंधी की जा रही तैयारियों की सराहना करते हुए कहा कि केंद्रीय सशस्त्र बल प्रत्येक बूथ में उपस्थित रहेंगे। असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने और संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन शांतिपूर्ण संपन्न कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। मतदान से 72 घंटे पूर्व सभी क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बनी रहे, किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित न हो इसके लिए एआरओ, पुलिस, सेक्टर अधिकारी और केंद्रीय सशस्त्र बलों का आपस में समन्वय हो। जिन स्थानों पर जिनकी ड्यूटी लगी हो वे जिम्मेदारी के साथ वहां दिखाई दें और फील्ड पर भी वर्दी में जवान गश्त करते नजर आयें। उन्होंने मतदान दिवस के दिन मतदान केन्द्रों में सुरक्षा बल तैनात करने के निर्देश दिए। कानून व्यवस्था संबंधी बैठक के दौरान कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले में निर्वाचन संबंधी की जा रही तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था तथा फ्लैग मार्च, जांच आदि की जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि दुर्ग लोकसभा में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तथा पारदर्शिता से मतदान कराना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने पुलिस तथा केन्द्रीय बलों को सेक्टर अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करने और निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने कहा। मतदान दिवस पर 100 मीटर के एरिया में मतदाता के अलावा दूसरे व्यक्ति नहीं रहेंगे, इसका विशेष ध्यान रखें। पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र शुक्ला ने बताया कि निर्वाचन प्रकिया के सफल संचालन हेतु 1829 सैनिक बल तैनात किया गया है। 8 विधानसभा क्षेत्रों में 1070 वर्दीधारी, 439 विशेष पुलिस अधिकारी एवं 320 क्षेत्र अर्द्ध सैनिक बल तैनात किए गए है। जिले में निर्वाचन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था हेतु सीआरपीएफ, बीएसएफ पहुंच चुकी है। आवश्यकतानुसार बूथों में बल उपलब्ध कराये जा रहे हैं। पुलिस की भी ड्यूटी प्रत्येक बूथों में लगाई गई है। संवेदनशील मतदान केन्द्रों को चिन्हित कर सुरक्षा बल लगाये गए हैं। पुलिस प्रशासन के अधिकारियों द्वारा संवेदनशीलता के साथ निर्वाचन कार्य की पूरी तैयारी सुनिश्चित कर ली है। पुलिस प्रशासन द्वारा संवेदनशील मतदान केन्द्रों का मुआयना कर, आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गई है। संवेदनशील मतदान केन्द्रों में अतिरिक्त पुलिस बल लगाए गए हैं। 70 पेट्रोलिंग पार्टी बनाई गई है। रात्रि में पेट्रोलिंग की जा रही है। भारी मात्रा में लाए जाने वाले नगदी, अवैध शराब, संदेहास्पद वस्तु या शस्त्रों इत्यादि की आवाजाही पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। क्षेत्रों से गुजरने वाले दोपहिया और चार पहिया वाहनों की सघन जांच की जा रही है।इस अवसर पर एडीएम श्री अरविंद एक्का, अपर कलेक्टर श्रीमती योगिता देवांगन, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बजरंग दुबे, एएसपी श्री अभिषेक झा, संयुक्त कलेक्टर श्री हरवंश मिरी, डिप्टी कलेक्टर श्री दीपक निकुंज, श्री महेश राजपूत, श्री मुकेश रावटे, श्री उत्तम ध्रुव, अनुविभागीय दण्डाधिकारी धमधा श्री सोनल डेविड, परिवहन अधिकारी श्री एस.एल.लकड़ा, तहसीलदार श्री प्रफुल्ल ठाकुर सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## संपादकीय


# यह चमत्कार राहुल गांधी को करना था

देश में जितने राजनीतिक दल हैं, उनके सामने कई तरह की चुनौतियां होती है। किसी के सामने खोये हुए वोट बैंक को फिर से पाने की चुनौती होती है तो किसी के सामने अपने वोट बैंक को बचाए रखने की चुनौती होती है, किसी के सामने अपने वोट बैंक को और बढ़ाने की चुनौती होती है। देश के राजनीतिक दलों म कांग्रेस सबसे पुराना राजनीतिक दल है। जब वह सत्ता में था तो उसके सामने चुनौती अपने वोट बैंक को बचाए रखने की थी।राजीव गांधी के समय कांग्रेस को आखिरी बार चार सौ से ज्यादा सीटें मिलीं। इस वक्त उसका वोट बैंक भी उसके साथ था और सभी वर्ग के लोगों ने भी उसे वोट दिया था। राजीव गांधी को मिला जनादेश ऐतिहासिक था। राजीव गांधी सरकार जनादेश के अनुरूप जनकांक्षा को पूरा नहीं कर सकी. अपने वोट बैंक को बनाए नहीं रख सकी। राजीव गांधी की हार के साथ कांग्रेस के वोटबैंक के बिखरने का जो सिलसिला शुरू हुआ उसे कांग्रेस रोक नहीं सकी। उस वक्त कांग्रेस को कोई मजबूत राष्ट्रीय विकल्प नहीं बना था। इसलिए कांग्रेस का वोट बैंक राज्यों के क्षेत्रीय दलों के पास चला गया। कांग्रेस के विकल्प के रूप में जनता ने कई राज्यों में क्षेत्रीय दल को चुना। इससे कई राज्यों में कांग्रेस कमजोर हुई तथा इसका असर उसके राष्ट्रीय महत्व पर भी पड़ा। यही वजह है कि सोनिया गांधी के समय तक कांग्रेस इतनी मजबूत नहीं रह गई थी कि वह अकेले बूते बहुमत हासिल कर सरकार बना पाती थी। 80 के बाद भाजपा राजनीति के मैदान में आई तो वह भी कांग्रेस की तरह अकेले दम पर सरकार बनाने की हैसियत नहीं रखती थी। यही वजह है कि 1984 के बाद देश में बहुमत वाली सरकार नहीं बनी। साझा सरकारों का दौर 2014 तक चला। तीस साल देश में साझा सरकारों का दौर रहा। देश में कमजोर सरकारें रहीं जिनकी सबसे ज्यादा कोशिश अपनी सत्ता को बचाए रखने की होती थी। इसलिए यह तीस साल देश का विकास जैसा होना था वैसा नहीं हुआ। इन तीस सालों में देश में कई नेता हुए लेकिन बहुमत किसी को जनता ने नहीं दिया।क्षेत्रीय दलों के उभार के साथ ही राजनीतिक दलों के लिए अकेल बहुमत हासिल करना सबसे मुश्किल काम था. यह काम तीस साल में जितने नेता हुए कोई नहीं कर सका। इसकी वजह यह है कि जनता जाति, धर्म, वर्ग, भाषा में बंटी हुई थी और उसे एक करने वाला कोई नेता था।84 से 14 के दौरान देश को एक करने वाले नेता की जरूरत थी लेकिन राजीव गांधी, सोनिया गांधी, मनमोहन सिंह, नरसिम्हा राव,शरद पवार,वीपी सिंह, चंद्रशेखर, चौधरी चरण सिंह जैसे कई नेता हुए लेकिन कोई भी नेता देश को एक नहीं कर सका। 2014 में गुजरात के नरेंद्र मोदी को भाजपा ने मौका दिया तो उन्होंने भारतीय राजनीति की इस कमी को जाना कि देश को एक करने वाले नेता की जरूरत है। उन्होंने देश के जाति के दायरे से बाहर निकालने के लिए धर्म का उपयोग किया। वह जानते थे कि जाति का दायरा छोटा है, इससे देश कई हिस्सों में बंटा रहता है, यदि देश को जाति से दायरे से धर्म के बड़े दायरे में लाया जाए तो देश दो हिस्सों में बंटा रहेगा लेकिन इससे बहुसंख्यक वर्ग की एक मजबूत,स्थायी, बहुमत वाली सरकार बनाई जा सकती है। उन्होंने धर्म के साथ ही विकास,विरासत व राष्ट्रवाद को राजनीति में इस तरह शामिल किया कि देश की पूरी राजनीति ही बदल गई। उन्होंने देश की धर्मनिरपेक्षता राजनीति के निष्प्रभावी कर दिया और विकास, विरासत व राष्ट्रवाद की ऐसी राजनीति की वह सबसे ज्यादा प्रभावी साबित हुई। जो काम 84 के बाद कांग्रेस तीस साल में नहीं कर सकी थी उस काम को नरेंद्र मोदी ने दस साल में कर दिखाया खासकर यूपी में। यूपी की जाति की राजनीति को उन्होंने इस तरह बदल दिया कि सपा व बसपा जो पहले व दूसरे नंबर पर रहा करते थे अब दूसरे व तीसरे नंबर पर आ गए हैं और यूपी में भाजपा इतनी मजबूत है कि अकेले दम पर सरकार बना रही है। यह देश की राजनीति में चमत्कार की तरह है। यह चमत्कार राहुल गांधी को करना था, उनको बीस साल का समय मिला, दस साल मनमोहन सिंह के समय व दस साल पीएम मोदी के समय. वह यूपी की राजनीति में कांग्रेस के लिए मजबूत जगह तक नही बना सके हैं। यही वजह है कि वह मजबूत नेता नहीं बन सके।

## विश्लेषण

तनवीर जाफरी

# पाकिस्तान : किसका दोस्त किसका दुश्मन ?




देश में लोकसभा चुनाव हों और पाकिस्तान की इंट्री न हो ऐसा बहुत कम ही देखा गया है। पाकिस्तान के चुनाव में भी प्रायः भारत विशेषकर कश्मीर का मुद्दा उठाया जाता है। दोनों जगह इसका मक़सद एक ही होता है कि जनता का ध्यान 'कथित राष्ट्रवाद ' में उलझाकर उसे रोज़गार, मंहगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा मूलभूत सुविधाओं के बारे में सोचने व चर्चा करने का मौक़ा ही न दिया जाये। इस बार स्वयं प्रधानमंत्री ने अपने भाषणों में पाकिस्तान को ज़ोर शोर से याद किया है। दरअसल पाकिस्तान में इमरान ख़ान सरकार के एक पूर्व मंत्री रहे चौधरी फ़व्वाद हुसैन ने यह कह दिया कि पाकिस्तान को राहुल गांधी का समर्थन करना चाहिए क्योंकि मोदी सरकार की नीतियां पाकिस्तान के ख़िलाफ़ हैं । हालांकि फ़व्वाद उस हद तक भी नहीं गये जैसे कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका जाकर 'अब की बार ट्रंप सरकार' का नारा तक लगवा दिया था। हालांकि चौधरी फ़व्वाद हुसैन के इस बयान पर राहुल गाँधी या कांग्रेस द्वारा कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की गयी है। परन्तु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके इसी बयान को आधार बना कर बात का बतंगड़ खड़ा करने की कोशिश ज़रूर की है। वे चुनावी जनसभाओं में कहते फिर रहे हैं कि पाकिस्तान 'कांग्रेस के शहज़ादे' को प्रधानमंत्री बनवाना चाहता है। मोदी कहते हैं कि 'कांग्रेस मरी, तो पाकिस्तान रोया'। अब पाकिस्तान दुआ कर रहा है। कांग्रेस के शाही परिवार के शहज़ादे को प्रधानमंत्री बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी का इशारा पाते ही पूरे देश में भाजपाई 'सेनापति' राहुल और कांग्रेस पर हमलावर हो उठे हैं और कांग्रेस को पाकिस्तान परस्त बताने की पुरज़ोर कोशिश होने लगी है। ऐसे में कांग्रेस व भाजपा व उनके नेताओं के पाकिस्तान से रिश्तों का तुलनात्मक अध्ययन किया जाना बेहद ज़रूरी है। ग़ौर तलब है कि भारत पाकिस्तान के मध्य अब तक चार युद्ध हुये हैं। इनमें पहला युद्ध आज़ादी के फ़ौरन बाद 1948 में लड़ा गया जिसका केंद्र कश्मीर था। उसके बाद 1965 में दूसरा युद्ध हुआ जबकि 1971 में वह तीसरा ऐतिहासिक युद्ध हुआ जिसने विश्व का भूगोल बदल दिया। इसी युद्ध में पाकिस्तान के दो टुकड़े हुए व बांग्लादेश नामक नये राष्ट्र का जन्म हुआ। यह तीनों ही युद्ध कांग्रेस के शासनकाल में लड़े गये। जबकि 1999 में एन डी ए के शासनकाल में अटल बिहारी वाजपई के प्रधानमंत्रित्व काल में ऑपरेशन विजय नामक कारगिल युद्ध, मई और जुलाई 1999 के बीच लड़ा गया। इस युद्ध में पाकिस्तान की सेना ने कश्मीरी उग्रवादियों के वेश में उनसे मिलकर नियंत्रण रेखा पार करने और भारत की ज़मीन पर कब्ज़ा करने का दुस्साहस किया था। उपरोक्त सभी युद्ध में पाकिस्तान को भारतीय सेना के हाथों मुंह की खानी पड़ी थी। परन्तु पाकिस्तानी सरकार विशेषकर पाक सेना को 1971 का वह युद्ध भुलाये नहीं भूलता जिसने न केवल पाकिस्तान का नक़्शा बिगाड़ दिया बल्कि इसी युद्ध में पाकिस्तानी सेना द्वारा भारतीय सेना के समक्ष विश्व का अब तक का सबसे बड़ा सैन्य आत्म समर्पण भी करना पड़ा था। अपनी उसी टीस को मिटने के लिये पाकिस्तान आज तक भारत विरोधी साज़िशें यहाँ तक कि भारत में आतंकवाद तक को प्रायोजित करता रहता है। लिहाज़ा यह प्रचारित करना कि पाकिस्तान कांग्रेस का हितैषी है सरासर दुष्प्रचार के सिवा और कुछ नहीं।

परन्तु इसी सन्दर्भ में भाजपा नेताओं विशेषकर स्वयं प्रधानमंत्री मोदी के पाकिस्तान के प्रति उदारतापूर्ण बर्ताव की बात करना भी ज़रूरी है। याद कीजिये जून, 2005 में भारतीय जनता पार्टी के तत्कालीन अध्यक्ष लालकृष्ण आडवाणी पाकिस्तान के संस्थापक नेता क़ायदे आज़म मोहम्मद अली जिन्ना की कराची स्थित मज़ार पर श्रद्धांजलि देने गये थे। उसी समय वे पाकिस्तान के प्रथम प्रधानमंत्री लियाक़त अली ख़ान की मज़ार पर भी श्रद्धांजलि देने गये थे। इस दौरान आडवाणी ने जिन्ना को धर्मनिरपेक्ष नेता बताते हुए कहा था कि वह एक अलग शख़्सियत थे तथा उन्होंने इतिहास बनाया था। उस समय संघ व भाजपा में तो आडवाणी के इस क़दम का विरोध ज़रूर हुआ था मगर कांग्रेस ने चुनाव में इसे मुद्दा कभी नहीं बनाया गया।

उसके बाद मई 2014 में जब नरेंद्र मोदी पहली बार प्रधानमंत्री बने उस समय उन्होंने दक्षेस देशों के प्रमुखों को अपने शपथ ग्रहण कार्यक्रम में आमंत्रित किया। इसमें पाकिस्?तान के प्रधानमंत्री नवाज़ शरीफ़भी भारत आए थे । उस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शरीफ़को उनकी मां के लिये एक शॉल भेंट किया था । शरीफ़ जब वह बेशक़ीमती शॉल लेकर पाकिस्?तान पहुंचे तो उनकी बेटी मरियम शरीफ़ ने इस तोहफ़े के लिए मोदी का शुक्रिया अदा किया। मरियम ने ट्विटर पर लिखा, 'मेरी दादी के लिए इतना बढ़िया शॉल गिफ़्ट करने के लिए आपको बहुत-बहुत धन्?यवाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। मेरे पिता ने खुद अपने हाथों से यह तोहफ़ा दादी को दिया।' इस के फ़ौरन बाद जून 2014 के प्रथम सप्ताह में ही नवाज़ शरीफ़ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के लिए तोहफे में 'रिटर्न गिफ़्ट ' के रूप में एक क़ीमती साड़ी भेजी। उस समय मोदी ने भी ट्वीट किया था -' कि नवाज़ शरीफ़ने मेरी मां के लिए शानदार सफ़ेद साड़ी भेजी है। मैं उनका आभारी हूं। जल्द ही मैं साड़ी अपनी मां के पास भेज दूंगा।'और उसी दिन देर शाम तक शरीफ़का ये क़ीमती तोहफ़ा मां हीराबेन तक पहुंच भी गया था । इस तोहफ़े के लिए नरेंद्र मोदी ने उस समय प्रधानमंत्री नवाज़ शरीफ़का शुक्रिया भी अदा किया था। पड़ोसी देश के साथ आत्मीयता और क़ीमती तोहफ़ों के लेनदेन की ऐसी मिसाल कांग्रेस के शासनकाल में तो कभी नहीं सुनाई दी?

नरेंद्र मोदी व शरीफ़के बीच आत्मीयता के रिश्ते की यही एक कहानी नहीं। याद कीजिये 25 दिसंबर, 2015 को जब वो पहली बार नवाज़ शरीफकी पोती के निकाह में शामिल होने के लिये बिना किसी पूर्व घोषित कार्यक्रम के पाकिस्तान पहुंच गये थे। उस दिन वो शरीफकी पोती की निकाह में भी शामिल हुए थे। उस समय मोदी ने नवाज़ शरीफको अफ़ग़ानिस्तानी गुलाबी साफ़ा भी तोहफ़ेमें दिया था, जिसे शरीफ़ने उसी समय विवाह समारोह में पहना भी था। तो क्या आडवाणी या मोदी का पाकिस्तान के प्रति दोस्ताना व सद्भावपूर्ण रवैया सौहार्द बनाने की कोशिश माना जाये और पाकिस्तान की नज़रों में हमेशा खटकने वाली कांग्रेस पार्टी को पाकिस्तान परस्त ? 2015 में अमित शाह बिहार चुनाव के दौरान कहते फिरते थे कि यदि लालू -नितीश का महागठबंधन चुनाव जीता और भाजपा हारी तो पाकिस्तान में पटाख़े फूटेंगे। आज वही नितीश कुमार भाजपा के साथ हैं तो क्या अब नितीश की जीत पर पाकिस्तान में पटाख़े नहीं फूटेंगे ? अवसरवादिता और राजनैतिक शातिरपने की भी आख़िर कोई इन्तेहा होती है ? सच तो यह है कि कांग्रेस व भाजपा के नेताओं के पाकिस्तान से रिश्तों के रिकार्ड खुद इस बात के गवाह है कि पाकिस्तान किसका दोस्त है और किसका दुश्मन ?




## आज का राशिफल

मेष राशि- आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। स्वास्थ्य के लिहाज से दिन अच्छा रहेगा। आज आपके बढ़ते खर्चे परेशानी का कारण बन सकते हैं इसीलिए बजट बनाकर चलने का प्रयास करें। किसी संपत्ति का सौदा जल्दबाजी में ना करें। राजनीति से जुड़े लोगों को आज किसी समारोह में भाग लेने का मौका मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी उन्नति का मार्ग प्रसस्त होगा। आपके संतान के करियर या शिक्षा से संबंधी किसी समस्या का समाधान मिलेगा। आज आप ऑनलाइन शॉपिंग करेंगे।

वृष राशि-आज का दिन आपके लिए निश्चित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी योजनाओं को गति मिलेगी। आज नए लोगों से मुलाकात होगी, उनसे आपको कुछ अच्छा सीखने को मिलेगा। आज आपको बड़ों का साथ व सहयोग भरपूर मात्रा में मिलेगा। आज आपकी शिक्षा में आ रही परेशानी से छुटकारा मिलेगा, आपको खुशी होगी। आज आप किसी मांगलिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। धार्मिक कार्यों के प्रति आस्था व विश्वास से आगे बढ़ेंगे।

मिथुन राशि-आज आपका दिन, आपके परिवार के लिए खुशियां लाने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद खास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को तैयारी जारी रखनी चाहिए। जिस व्यक्ति की आपने कभी मदद की थी वह आज आपके काम आएगा। शिक्षकों के लिए आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। अध्यात्मिक कामों में आपकी रूचि बढ़ेगी। आज अपनी क्षमता पर विश्वास करने से आपके सभी काम बनेंगे।

कर्क राशि-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप एक से अधिक स्रोतों से आय प्राप्त करेंगे। आज निवेश संबंधी मामलों को गति मिलेगी। आज किसी अजनबी पर सोच समझकर भरोसा करें। प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आज आप आगे बढ़ेंगे। आज आपके दांपत्य जीवन में खुशहाली बढ़ेगी। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को आज किसी दोस्त के सहयोग से अच्छी नौकरी मिलेगी। छात्रों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है, किसी प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम आपके पक्ष में आयेगा। लवमेट आज कही घूमने जाएंगे।

सिंह राशि-आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। ऑफिस के उच्चधिकारियों का सहयोग मिलने से आपका इम्पोर्टेन्ट काम बन जायेगा। पैसों के मामलों में लोगों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करने से बचना चाहिए। आज जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा करने का प्लान कर सकते हैं। अगर आपको कोई समस्या है तो जल्द ही उसका समाधान आपको मिल जायेगा। छात्र आज अपने करियर को बेहतर बनाने के लिए किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे।

कन्या राशि-आज के दिन आपको रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। आज आपके अच्छे व्यवहार से समाज में अच्छी पहचान बनेगी। आज आप घर पर डेकोरेशन का काम भी करवा सकते हैं। व्यापार में आज का दिन धन लाभ देने वाला है। आज अपनी समझ बूझ से आप परिवार की एकता को बरकार रखने में कामयाब होंगे। आपका सकारात्मक रवैया आपको आर्थिक सफलता की ओर ले जायेगा। स्पोर्ट से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है।

तुला राशि-आज आपका दिन बहुत बढ़िया रहने वाला हैं। आज दूसरों को जितना ज्यादा महत्व देंगे, आपको भी उतना ही महत्व मिलेगा। माईग्रेन की समस्या से आज आपको काफी राहत मिलेगी। पैतृक संपत्ति से धन लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। लम्बे समय से चल रही योजना में आज कुछ नए चेंजेस कर सकते हैं। समाज में आपके द्वारा किए गए कार्यों की काफी सराहना होगी। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

वृश्चिक राशि-आज आपका दिन नई उमंगो के साथ शुरू होने वाला है। जो लोग बेकरी का बिजनेस करते हैं, उन्हें आज उम्मीद से ज्यादा लाभ हो होगा। माताएं अपने बच्चों को कुछ नया सिखाएंगी, जिससे बच्चों में नए विचार आएंगे। शाम का समय खुशियों से भरा रहेगा। आज यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। अविवाहित जातकों को विवाह के लिए अच्छे रिश्ते आयेंगे। छात्रों को सफलता मिलने के योग बने हुए हैं।

धनु राशि-आज आपके दिन की शुरुआत आपके अनुकूल होने वाली है। आज आप ऑफिस में खूब मेहनत करेंगे। आपको कोई नयी जिम्मेदारी मिल सकती है। इस राशि के मनोरंजन उद्योग से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन फायदेमंद होगा। आज परिवार के किसी सदस्य को बड़ी सफलता हासिल होगी। आपके घर में उत्सव का माहौल बना रहेगा। आज दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहने वाला है। छात्रों को सफलता मिलने के योग बने हुए हैं।

मकर राशि-आज आपका दिन खुशनुमा रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में जो भी रुकावटें आएंगी, उनसे आप कुछ सीख सकते हैं। कारोबार में कुछ नया करने के लिए चल रहे प्रयास सफल होंगे। दूसरों की मदद करने से समाज में आपका मान सम्मान बढ़ेगा। ज़मीन जायजाद के मामले में लाभ मिलेगा। साझेदार के साथ मिलकर किये गये कार्यों से ज्यादा लाभ मिलेगा। आज दोस्तों के साथ पार्टी करेंगे। आज आपको व्यापार से जुड़े महत्वपूर्ण फैसले लेने पड़ सकते हैं।

कुंभ राशि-आज आपका दिन बढ़िया गुजरेगा। किसी काम को पूरा करने के लिए शॉर्टकट तरीके अपनाने से बचें। आज बिजनेस में बढ़ोतरी होगी। माताएं बच्चों को मोरल स्टोरी सुनाएंगी। काम को पूरा करने में मन लगायेंगे और कुछ क्रिएटिव 2शह्य करने का प्रयास करेंगे। आपके पुत्र के करियर से रिलेटेड कोई अच्छी खबर सुनने को मिल सकती है। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा है। जीवनसाथी आज आपके कार्यों में सहयोग करेंगे। बच्चे खेल-कूद में व्यस्त रहेंगे।

मीन राशि-आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज किसी के बहकावे में न आये और अपने काम के प्रति सतर्क रहें। आपके परिवार में नन्हें मेहमान आने के योग बन रहे हैं। आज आपके परिवार में खुशियों का माहौल बनेगा। आज आपको किसी महत्वपूर्ण चर्चा में शामिल होने का मौका मिलेगा, जिसमें आपकी सहभागिता अच्छी खासी रहेगी। कोई प्रिय मित्र आपसे किसी विशेष विषय को लेकर बातचीत कर सकता है।

## लेख

# अठारहवीं लोकसभा चुनाव

(तेजेश सिंह नेगी)



अठारह बरस के होते ही आप हो जाते है देश और अपने भविष्य के लिए अपना नेता चुनने के काबिल। इस बार के आम चुनाव आम नही है बल्कि बेहद खास है। दरअसल ये अठारहवीं लोकसभा के चुनाव है। अठारह यानी की दस से आठ ज्यादा और बीस से दो कम। इस संख्या को यूं ही नहीं चुना गया है। असल में अठारह का महत्व बहुत गहरा है। विश्व का सबसे लंबा साहित्यिक ग्रंथ और महाकाव्य महाभारत अठारह पर्वों में बंटा हुआ है। महाभारत के युद्ध में जब अर्जुन धर्म संकट में युद्ध करने से हिचकिचाते है तब महाप्रभु श्रीकृष्ण उन्हें उपदेश देते है और कर्म व धर्म के सच्चे ज्ञान का बोध कराते हैं। श्री कृष्ण के इन्हीं उपदेशों को भगवत गीता नामक ग्रंथ में संकलित किया गया है। संयोग की बात है की श्रीमद्भगवद्गीता में भी अठारह अध्याय हैं। महाभारत के अंतिम यानी अठारहवें दिन ही भीम, दुर्योधन की जंघा पर प्रहार करते हैं, जिससे दुर्योधन की मृत्यु को हो जाती है और युद्ध समाप्त होता है। सुहाग में जब अमिताभ रेखा को कहते हैं कि 'अठारह बरस की तू होने कोई आई रे कौन पूछेगा जतन कुछ कर ले' तब उनका आशय भी रेखा का वोटर कार्ड बनाने के संदर्भ में था। अठारह बरस में भला रेखा की उंगली में लोकतांत्रिक स्याही की रेखा न लगे तो क्या ही लोकतंत्र की जीत होगी। आजादी के समय पाकिस्तानी सेना को नाकों चने चबवाने के बाद अठारह साल बाद फिर पैसठ में तो जैसे उनकी कमर ही तोड़ दी थी। और उन्नीस सौ एकहतर में इसी टूटी कमर से लड़ते हुए पाकिस्तान ने अपने दो हिस्से करवा लिए। संयोग से एक नौ सात एक का जोड़ भी अठारह ही होता है। और कारगिल युद्ध का इतिहास आप जानते ही है जो निन्याबे यानी नौ और नौ में हुआ था।

अठारह में अट्टहास का अठा है और गुमराह का राह भी है। इसी उम्र में पान की दुकान में अट्टहास करते युवक अक्सर गुमराह हो जाते है। ये गुमराह युवक जब अपनी प्रेमिका से प्रेम का इज़हार करने को हिम्मत जुटाते है तब आ जाता है उसका खुसट बाप बीच में जैसे उन्नीस और बीस के बीच में आता है अठारह। श्रीदेवी भी अपने हाथो में नौ नौ कुल अठारह चूड़ियों के बहाने ही मजबूरी में अपने प्रेमी को ठहरने को कहती है। अठारहवीं लोकसभा चुनाव के नतीजे चार छः दो हजार चौबीस को आ रहे है। जिनका जोड़ फिर वही अठारह है। इतना सब कहने का अर्थ ये है की अठारह बरस या उससे अधिक के सभी मतवाले अठारहवीं लोकसभा हेतु अपना मतदान अवश्य करें। क्या पता जिस प्रकार आचरेकर सर ने सचिन को बनाया और दांडी यात्रा ने गांधी को उसी प्रकार आपका ये वोट आपका भविष्य बना दे।

### मतदान करें

आओ सब मिलकर मतदान करें
सुशासन का निर्माण करें।।
आओ सब मिलकर मतदान करें
फरेब तिकड़म पर वार करें।।
आओ स्वार्थ से परे मतदाता बने
अपने भाग्य का निर्माता बने।।
आओ सब मिलकर मतदान करें
अपने अधिकार का उपयोग करें।।
आओ सब मिलकर मतदान करें
संविधान का हम मान करें।।
आओ सब मिलकर मतदान करें
स्वयं का हम कल्याण करें।।
आओ सब मिलकर मतदान करें
राष्ट्र विकास का साधक बने।।
आओ सब मिलकर मतदान करें
विकसित भारत का निर्माण करें।।
आओ सब मिलकर मतदान करें
वंदेमातरम् का गान करें।।
आओ सब मिलकर मतदान करें
अपने राष्ट्र को सुदृढ़ करें।।
आओ सब मिलकर मतदान करें
विश्व गुरु सृजन की सपना साकार करें।।



लक्ष्मी नारायण सेन
खुटेरी फिंगेश्वर गरियाबंद (छत्तीसगढ़)

## गंभीर मुद्दा

किशन सनमुखदास भावनानी

# वैश्विक सुरक्षा के लिए ऑनलाइन कट्टरपंथ बड़ी चुनौती



वैश्विक स्तरपर आंधी से तेज गति से बढ़ती हुई सूचना प्रौद्योगिकी से जितनी अधिक सहूलियतों से लाभ मिल रहे हैं तो, हानियां भी कुछ काम नहीं हो रही है जिसको रेखांकित करना हम सबका काम है क्योंकि,हमारी जीवन शैली, राष्ट्र के लिए विकास और दुनियां हमारी मुट्ठी और उंगलियों पर आ गई है, तो उतनी ही हमारी मानवीय जिंदगी भी खतरे की ओर अग्रसर हो रही है, क्योंकि अब इस सूचनाप्रौद्योगिकी के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स को आतंकवाद और ऑनलाइन कट्टरपंथी के लिए भी उपयोग होने से इनकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि ऐसी कुछ अनेक ऑनलाइन साइट्स आ गई है जो ऑनलाइन कट्टरपंथ को तेजी से बढ़ावा देकर अपने आतंकवाद के लिए नए रास्तों को बनाया जा रहा है, जो के ह्यूमन कार्य से कहीं बहुत अधिक सरल आसान व सुरक्षित भी उनके लिए है तो कई मेल क्लिप सूचनाओं कोडवर्ड में भी कार्य होता है जिसे हम गहराई से न लेकर मजाकिया व हंसीमजाक के लेहज में लेकर उसे लाइक व शेयर भी करते रहते हैं, परंतु अब समय आ गया है कि हम इस विषय पर गंभीरता से ध्यान दें क्योंकि, कट्टरपंथी आख्यानों को समझने का कठिन कार्य जनता पर आता है, जिन्हें जानकारी का विश्लेषण करना चाहिए और लाइक, शेयर के माध्यम से इसकी पहुंच को बनाए रखने से बचना चाहिएकभी-कभी बिना सोचे-समझे हम सामग्री साझा करते हैं क्योंकि हमें लगता है कि यह हास्यास्पद या बेतुका है, अनजाने में कथा का प्रचार करते हैं और इसे किसी अधिक कमजोर व्यक्ति तक पहुंचने की अनुमति देते हैं। आतंकवादी इंटरनेट का उपयोग कट्टरपंथी बनाने,भर्ती करने औरआतंकवादी हमलों को अंजाम देने में सुविधा प्रदान करने के लिए करते हैं। यूरोपीय आयोग ने इसे रोकने में मदद के लिए स्वैच्छिक और विधायी उपायों और पहलों की एक श्रृंखला सामने रखी है। अभी हाल ही में फ्रांस के लियोन शहर में संपन्न हुई इंटरपोल की महासभा का समापन हुआ जिसमें 136 देश के राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो जो भारत में सीबीआई है ने भाग लिया जिसमें भारत ने अपने रुक वैश्विक सुरक्षा के लिए ऑनलाइन कट्टरपंत महत्वपूर्ण चुनौती है का आकाश किया इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,प्रौद्योगिकी युग में अब आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई पुलिस और नीति निर्धारकों के साथ हम सबकी उंगलियों के नीचे है,इसलिए लाइक शेयर सोच समझकर करना है।

साथियों बात अगर हम फ्रांस के लियोन शहर में समाप्त हुई इंटरपोल महासभा की करें तो, महासभा में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) निदेशक ने किया। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने संगठित अपराध, आतंकवाद और चरमपंथी विचारधाराओं के बीच सांठगांठ से उत्पन्न चुनौतियों पर बात की, कहा कि ऑनलाइन कट्टरपंथ वैश्विक सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती है। इसके अलावा, आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा की और कहा कि अच्छे आतंकवाद, बुरे आतंकवाद के बीच कोई अंतर नहीं किया जा सकता। भारत में सीबीआई नोडल एजेंसीप्रत्येक देश में राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो (एनसीबी) इंटरपोल के साथ समन्वय के लिए जिम्मेदार नोडल संगठन है। इंटरपोल में सभी सदस्य देश एक प्लेटफॉर्म अपने देश में मौजूद बड़े अपराधियों की जानकारी एक-दूसरे के साथ शेयर करते हैं। भारत में सीबीआई ऐसे मामलों में इंटरपोल के संपर्क में रहती है। सीबीआई ही इंटरपोल और अन्य जांच एजेंसियों के बीच नोडल एजेंसी का काम करती है। भारत से जब भी कोई अपराधी विदेश भाग जाता है या उसके विदेश भागने की आशंका होती है तो उसके खिलाफ लुकआउट या रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया जाता है।भारत ने आतंकवादऑनलाइन कट्टरपंथ और साइबर सक्षम वित्तीय धोखाधड़ी जैसे अंतरराष्ट्रीय अपराधों से निपटने और उन्हें रोकने के लिए इंटरपोल चैनलों के जरिए ठोस कार्रवाई की मांग की है। साथ ही अच्छे आतंकवाद और बुरे आतंकवाद के बीच कोई अंतर नहीं होने की बात पर जोर दिया और कहा कि ऑनलाइन कट्टरपंथ वैश्विक सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती बना हुआ है। सीबीआई के प्रवक्ता ने कहा कि अपराध और अपराधियों से निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर इंटरपोल चैनलों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ संबंधों का भारत ने भी लाभ उठाया है। पिछले साल 29 अपराधियों और भगोड़ों को वापस लाया गया है, जो एक साल में सबसे अधिक है।प्रवक्ता ने कहा कि कई देशों की कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ चर्चा के दौरान भारत ने संगठित अपराध, आतंकवाद, मादक पदार्थों की तस्करी, धन शोधन, ऑनलाइन कट्टरपंथ, साइबर सक्षम वित्तीय अपराधों से निपटने और रियल-टाइम के आधार पर इन अपराधों को रोकने के लिए ठोस कार्रवाई के उद्देश्य से इंटरपोल के जरिए समन्वय बढ़ाने की मांग की। तीन सदस्यीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिका, ब्रिटेन और सऊदी अरब सहित कई देशों के साथ चर्चा के दौरान इंटरपोल के जरिए सूचना साझा करने,परस्परकानूनी सहायता भेजने और प्रत्यर्पण अनुरोध में तेजी लाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।भारत ने अंतरराष्ट्रीयसंगठित अपराध के खतरे से निपटने के लिए एनसीबी के नेटवर्क को मजबूत करने, साइबर-सक्षम वित्तीय धोखाधड़ी के खिलाफ लड़ाई में वैश्विक सहयोगात्मक प्रयासों को बढ़ाने, इंटरपोल नेटवर्क और वैश्विक पुलिस डेटाबेस के उपयोग को बढ़ावा देने, बाल यौन शोषण के खिलाफ लड़ाई में और इंटरपोल के भीतर डेटा संरक्षण उपायों में सुधार करने जैसे प्रमुख निष्कर्षों का भी समर्थन किया। उन्होंने कहा भारत की कानून-प्रवर्तन एजेंसियों के अनुरोध परपूर्व में इंटरपोल द्वारा 100 रेड नोटिस प्रकाशित किए गए थे। साथियों बात अगर हम ऑनलाइन युवा कट्टरवाद की करें तो, ऑनलाइन युवा कट्टरवाद वह क्रिया है जिसमें एक युवा व्यक्ति या लोगों का एक समूह तेजी से चरम राजनीतिक, सामाजिक, या धार्मिक आदर्शों और आकांक्षाओं को अपनाने के लिए आता है जो किसी राज्य की यथास्थिति को अस्वीकार या कमजोर करते हैं या समकालीन विचारों और अभिव्यक्तियों को कमजोर करते हैं, जिसे वे में निवास कर सकते हैं या नहीं भी कर सकते हैं।ऑनलाइन युवा कट्टरपंथ हिंसक या अहिंसक दोनों हो सकता है।यह घटना, जिसे अक्सर हिंसक उग्रवाद के प्रति कट्टरपंथ को उकसाना (या हिंसक कट्टरपंथ) कहा जाता है, विशेष रूप से इंटरनेट और सोशल मीडिया के कारण हाल के वर्षों में बढ़ी है। ऑनलाइन अतिवाद और हिंसा को बढ़ावा देने पर बढ़ते ध्यान के जवाब में , इस घटना को रोकने के प्रयासों ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए चुनौतियाँ पैदा की हैं। इनमें अंधाधुंध अवरोधन , सेंसरशिप की अति-पहुंच (पत्रकारों और ब्लॉगर्स दोनों को प्रभावित करना), और गोपनीयता घुसपैठ से लेकर स्वतंत्र विश्वसनीयता की कीमत पर मीडिया के दमन या उपकरणीकरण तक शामिल हैं।आतंकवाद के लिए वर्तमान युद्धक्षेत्र कोई दूर देश नहीं बल्कि हमारे ठीक बगल में मौजूद कंप्यूटर और फोन हैं। आतंकवादियों ने संघर्ष को उसकी भौगोलिक सीमाओं को पार करने की अनुमति देने के लिए इस तकनीक का लाभ उठाया है। लोगों को अपने उद्देश्य की ओर आकर्षित करने के लिए भावनात्मक रूप से प्रेरित प्रचार का उपयोग करते हुए,आतंकवादी आत्म-कट्टरपंथ के माध्यम से मानव व्यवहार को संशोधित करने की उम्मीद करते हैं। वे जानते हैं कि एक सहानुभूतिपूर्ण दर्शक तक पहुंचने से उनके एजेंडे के समर्थन में विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं। सोशल नेटवर्क अब एक ऐसा वातावरण है जहां हर कोईऑनलाइन प्रचार या गलत सूचना का सामना करने के प्रति संवेदनशील है, जिससे हर कोई कट्टरपंथ के प्रति संवेदनशील हो जाता है।कमजोर लोगों को कभी भी प्रचार या दुष्प्रचार देखने से रोकना असंभव है, लेकिन उन्हें सही तरीके से प्रतिक्रिया देना सिखाना संभव है। ये मामले आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में प्रौद्योगिकी सुरक्षा और सामुदायिक जागरूकता के बढ़ते महत्व को दर्शाते हैं। दक्षिण पूर्व एशिया और प्रशांत क्षेत्र की सरकारों और नागरिकों को सोशल मीडिया के दुरुपयोग से उनके समाज पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में पता होना चाहिए। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई अब केवल नीति निर्माताओं और पुलिस के हाथों में नहीं है; इसके बजाय, यह हम में से प्रत्येक के अंगूठे के नीचे रहता है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि इंटरपोल महासभा लियोन फ्रांस में भारत का आगाज़-वैश्विक सुरक्षा के लिएऑनलाइन कट्टरपंथ महत्वपूर्ण चुनौती है।कट्टरपंथी विचारधारा को लाइक शेयर से बचकर,जनता ने पुलिस और नीति निर्धारकों का सहयोग करना ज़रूरी।प्रौद्योगिकी युग में अब आतंकवाद के खिलाफ़ लड़ाई पुलिस और नीति निर्धारकों के साथ,हम सबके उंगलियों के नीचे है,इसलिए लाइक शेयर सोच समझकर करें।

एक नजर

## बैठक में कई विषयों पर चर्चा की गई

**सुकमा, 6 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । विगत दिवस को विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी, सहायक जिला परियोजना अधिकारी, ए.पी.सी. तथा समस्त हाई स्कूल/हायर सेकेण्डरी प्राचार्य की बैठक जिला शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुकमा में आहूत की गई थी, जिसमें निम्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई। बैठक में स्थानीय परीक्षा परिणाम, साईकिल वितरण,जाति प्रमाण पत्र,निर्माण से संबंधित जानकारी बच्चों की माहवार औसत उपस्थिति,संस्था में समस्त पंजियों का संधारण, संकुल प्राचायों की अकादमिक कार्यो की जानकारी,शिक्षकों के पदस्थापना अध्यापन की स्थिति,प्रवेश तथा डी.डी.ओ. द्वारा सेवा पुस्तिका/पासबुक संधारण, संस्थाओं के लिए आवश्यक सामग्री मांग पर विस्तृत चर्चा किया गया, एवं समस्त प्राचार्यो को दिये गये दायित्व को सुचारू रूप से कार्य करने हेतु निर्देश दिये गये। उक्त बैठक में सहायक जिला परियोजना अधिकारी, ए.पी.सी. समस्त ब्लाक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिले के समस्त प्राचार्य उपस्थित थें।

## आदिवासी गोड़ समाज की बैठक 8 मई को

**कुरूद 6 मई।** आदिवासी गोंड समाज तहसील कुरुद की आवश्यक बैठक 8 मई को केनाल रोड़ कुरुद स्थित आदिवासी सामुदायिक भवन में समय 12ः00 बजे से रखी गई है। बैठक में तहसील के सभी पदाधिकारीयों ,सदस्यों, की उपस्थिति अनिवार्य एवं प्रार्थनानीय, है । अधिक से अधिक संख्या मेंउपस्थिति की अपील तहसील महासचिव फलेन ध्रुव ने की है।

## कुरूद में पं.प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण कथा का आयोजन 16 से

**कुरूद 6 मई।** अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक परम श्रद्धेय श्री प्रदीप मिश्रा जी (सिहोर वाले) के परम सानिध्य में कुरूद की पावन धरा में दिनांक 16 से 22 मई के दौरान कथा समय दोपहर 1 से 4 बजे के बीच वृद्धि विहार भरदा चौक राजिम रोड़ कुरूद में श्री शिवमहापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। मिली जानकारी अनुसार मां कमलादेवी श्रीधर (शर्मा) के विशेष आयोजन में कुरूद में पहली बार प्रदीप मिश्रा जी की श्री शिवमहापुराण कथा आयोजन हो रहा है। वे व्यास पीठ पर विराजमान होकर अपनी रसमयी वाणी से शिव महापुराण कथा का रसपान कराएंगे। आयोजको द्वारा इसकी तैयारी की जा रही है। 32 एकड़ में पंडाल लग चुका है। गाड़ियों को व्यवस्थित ढंग से खड़ी करने के लिए 24 एकड़ का जमीन को समतलीकरण किया गया है, वही पावर राइस मिल में मां अन्नपूर्णा का भंडारा 7 एकड़ में व्यवस्था किया जा रहा है। मां कर्मा इवेंट, डोम स्टेप, भागवत स्टेप, प्रकाश शर्मा /पहाड़ी /,प्रयास शर्मा ,निवेश शर्मा ,कान्हा अग्रवाल बसंत सिन्हा ,शेखर चंद्राकर दीपक अग्रवाल, मनीष नाथ सतीश भदोरिया ,चंदू सिन्हा विमलेश ,अर्जुन साहू ,नरेश साहू नरेंद्र साहू , ने अपने योगदान देकर कार्यक्रम की तैयारी में लगे हुए हैं। वहीं नगर के लोगों का यह भी मानना है, कार्यक्रम होने में कुछ दिन बचे हैं। इसकी प्रचार प्रसार नहीं होने से कार्यक्रम में पधारने की संभावना बहुत कम नजर आ रही है।

## मारकंडी नदी में डूबने से एक युवक की मौत

**जगदलपुर 6 मई।** लोहंडीगुड़ा थाना क्षेत्र अंर्तगत खोरखोसा में युवक राजेन्द्र ठाकुर उम्र 22 वर्ष अपनी मां के साथ अपने ननिहाल ग्राम खोरखोसा आया हुआ था। रविवार सुबह शौच के लिए गया था, जहां पैर फिसलने से नदी में गिरकर डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार छिंदगांव निवासी राजेन्द्र ठाकुर अपनी मां के साथ ननिहाल ग्राम खोरखोसा आया हुआ था। सुबह शौच के लिए मारकंडी नदी गया था। इस दौरान फिसलकर नदी में गिर पड़ा, जिससे वह पानी में डूब गया। पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के बाद रविवार को परिजनों को सौंप दिया है।

## ईवीएम आईटी कॉलेज से कटघोरा स्ट्रांग रूम में की गई शिफ्ट

**कोरबा 6 मई।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत कोरबा जिले में मतदान दलों को सहूलियत प्रदान करने के लिए विधानसभा कटघोरा एवं पाली तानाखार में निर्वाचन कार्य में उपयोग किए जाने वाले ईवीएम मशीन का वितरण कटघोरा के शासकीय मुकुटधर पांडेय महाविद्यालय में निर्मित स्ट्रांग से किया जाएगा। जिसकी सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के निर्देशन में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में कोरबा के झगरहा स्थित आईटी कॉलेज में बने स्ट्रांग रूम से ईवीएम मशीन को कटघोरा के मुकुटधर शासकीय महाविद्यालय के लिए शिफ्ट किया गया।

# सीईओ जनपद पंचायत कोरबा ने गुरमा के बाजार में पीले चावल के साथ मतदान का दिया न्योता



**कोरबा 6 मई।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के निर्देशन एवं स्वीप नोडल अधिकारी श्री संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के युवा, बुजुर्ग, महिला, पुरुष सहित स्कूल-कॉलेजों के सभी छात्र-छात्राओं को मतदान के प्रति जागरुक करने हेतु नुक्कड़-नाटक, रैली, नारा-लेखन, निबंध, भाषण, मेंहदी प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

इसी श्रृंखला में जनपद पंचायत कोरबा की सीईओ श्रीमती इंदिरा भगत ने दूरस्थ ग्राम पंचायत गुरमा के हाट-बाजार में दुकानदारों व ग्रामीणों को पीले चांवल देकर का 07 मई को मतदान करने का न्योता दिया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत चचिया एवं ग्राम पंचायत कुदमुरा में भी मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसके तहत महिलाओं ने रंगोली बनाई। शत-प्रतिषत मतदान हेतु शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही ग्रामीण महिला पुरूषों के द्वारा अनिवार्य मतदान के लिए गांव में जगह-जगह रैली निकाली गई। ग्राम में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ग्रामीणों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। जनपद पंचायत पाली के सीईओ श्री भूपेन्द्र सोनवानी ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नानपुलाली के वन क्षेत्र में तेंदूपत्ता संग्राहकों को 07 मई को मतदान करने की अपील की। इसके साथ ही ग्रामीण मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया।

जनपद पंचायत कटघोरा में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसके तहत ग्रामीण महिला पुरूषों ने लोकसभा निर्वाचन में षत-प्रतिषत मतदान करने की षपथ लेकर रैली निकाली। ग्राम पंचायत केसला में स्वसहायता समूह की महिलाओं ने स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता अभियान संबंधी पोस्टर प्रदर्षित करके रैली निकाली। ग्राम पंचायत बिरदा में ग्रामीण महिलाओं ने रंगोली बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेष दिया। इसके साथ ही गांव में कलष यात्रा निकालकर षत-प्रतिषत मतदान के माध्यम से लोकतंत्र को मजबूत करने का संदेष दिया।

इसी प्रकार जनपद पंचायत पोड़ी-उपरोड़ा के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीण महिलाओं के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत हाथों में मेंहदी लगाकर षत प्रतिषत मतदान का संदेष दिया। इसके साथ ही स्वीप गतिविधि के अंतर्गत पोस्टर प्रदर्षित करते हुए मानव श्रृंखला बनाकर गांव में रैली निकाली। ग्रामीण महिला-पुरूषों ने सामूहिक षपथ लेकर मतदान करना हमारा कर्तव्य है और इस कर्तव्य का निर्वहन हम सभी करें इसका संदेष ग्रामीणों को दिया।

# आठ हजार से अधिक अधिकारी-कर्मचारी करायेंगे कोरबा जिले में मतदान

- सामग्री का वितरण 6 मई को किया गया
- महिला मतदान केंद्र, दिव्यांग और युवा मतदान केन्द्र बनाये गये



**कोरबा 5 मई ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अन्तर्गत कोरबा जिले में मतदान हेतु सभी मतदान केन्द्रों में आवश्यक तैयारियॉ पूर्ण कर ली गई है। कोरबा जिले में 1087 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। सभी मतदान केन्द्रों में एक पीठासीन अधिकारी, मतदान दल अधिकारी-1, मतदान दल अधिकारी-2 एवं मतदान दल अधिकारी-3 तथा एक पुलिस की ड्यूटी लगाई गई है। संवेदनशील तथा अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों में अतिरिक्त बल लगाया गया है। इसके अलावा 118 सेक्टर अधिकारी, 75 माइक्रो आब्जर्वर की ड्यूटी लगी है। आपातकालीन स्थितियों के लिए लगभग एक हजार मतदान कर्मियों को रिजर्व में रखा गया है। जिले में आठ हजार से अधिक अधिकारी-कर्मचारी मतदान प्रक्रिया को संपन्न कराने अपनी भूमिका निभायेंगे। मतदान 07 मई को सुबह सात बजे से शाम छः बजे तक संपन्न होगा। मतदान कर्मियों को सामग्री का वितरण 06 मई को आईटी कालेज झगरहा एवं मुकुटधर पाण्डेय शासकीय महाविद्यालय कटघोरा से किया जायेगा। यहां आवश्यक व्यवस्थाएं भी कर ली गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत ने बताया कि जिले में मतदान हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिले के मतदाता अपने संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के नजदीकी मतदान केन्द्रों में पहचान पत्र साथ ले जाकर निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से बिना किसी के दबाव में आए मतदान कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि मतदान केन्द्रों में सभी प्रकार की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। गर्मी को देखते हुए मतदान केन्द्र परिसरों में छाया, शीतल पेयजल, शौचालय, बिजली, फर्नीचर, रैम्प की सुविधाएं मुहैया कराई गई है। कोरबा विधानसभा क्षेत्र के 249 सहित कुल 279 बूथों में महिलाएं करायेंगी मतदान -

लोकसभा निर्वाचन अन्तर्गत जिले में कोरबा विधानसभा क्षेत्र के सभी 249 एवं अन्य तीन विधानसभा क्षेत्र के 30 सहित कुल 279 महिला कर्मचारियों द्वारा प्रबंधित मतदान केंद्र बनाए गए हैं। विधानसभा 20 रामपुर अंतर्गत मतदान केंद्र क्रमांक 63 रजगामार, 64 रजगामार, 65 रजगामार, मतदान केंद्र क्रमांक 127 भैंसमा, 128 भैंसमा, 133 उरगा, 134 उरगा, 84 गोढ़ी, 169 जुनवानी और 94 कोरकोमा को महिला कर्मचारियों द्वारा प्रबंधित मतदान केंद्र बनाया गया है। इसी तरह विधानसभा 22 कटघोरा अंतर्गत मतदान केंद्र क्रमांक 21 अमरपुर, 23 धवईपुर, 24 ढेलवाडीह, 25 ढेलवाडीह, 33 कटघोरा, 36 कटघोरा, 40 कटघोरा, 44 नवागांव, 53 छुरीकला, 56 छुरीकला तथा विधानसभा पाली तानाखार अंतर्गत मतदान केंद्र क्रमांक 127, पोड़ी-उपरोड़ा, 129 कोनकोना, 130 कोनकोना, 183 सुतर्रा, 207 रंगोले, 104 गुरसिया, 105 गुरसियां, 260, 285 पाली, 286 पाली और मतदान केन्द्र क्रमांक 260 केराझरिया को महिला कर्मचारी प्रबंधित मतदान केंद्र बनाया गया है। इन मतदान केंद्रों में सभी मतदान दल अधिकारी-कर्मचारी महिलाएं होंगी।

लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत जिले में 20 युवा कर्मियों द्वारा प्रबंधित मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। इनमें 20 रामपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदान क्रमांक 159 सरगबुंदिया, 114 करतला, 115 करतला, 190 बरपाली, 192 बरपाली, 21 कोरबा विधानसभा क्षेत्र के मतदान क्रमांक 21 जैलगांव, 81 कोहड़िया(ढोढ़ीपारा), 127 कोरबा (रामपुर), 135 कोरबा (पोड़ीबहार), 141 (कोरबा), 22 कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के मतदान क्रमांक 49 जेंजरा, 121 दीपका, 122 दीपका, 159 गेवरा, 160 गेवरा, और पाली विधानसभा क्षेत्र के मतदान क्रमांक 161 तानाखार, 162 तानाखार, 191 ईरफ 277 करतला और मतदान केन्द्र क्रमांक 182 लखनपुर शामिल हैं।

लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत जिले चारो विधानसभा क्षेत्र में एक-एक दिव्यांग कर्मियों द्वारा प्रबंधित मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। इनमें 20 रामपुर विघान सभा क्षेत्र के मतदान क्रमांक 160 सरगबुंदिया, 21 कोरबा विधानसभा क्षेत्र के मतदान क्रमांक 92 पाढ़ीमार, 22 कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र क्रमांक 80 बांकी और 23 पालीतानाखार विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र क्रमांक 258 सैला शामिल हैं। इन मतदान केन्द्रों में सभी मतदान दल अधिकारी-कर्मचारी दिव्यांग होंगे। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले के सभी मतदान केंद्रों में मतदाताओं के सहयोग के लिए मतदाता सहायक (वोटर असिस्टेंट) उपलब्ध होंगे। वोटर असिस्टेंट द्वारा मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम ढूंढने और मतदान केंद्र के संबंध में जानकारी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा मतदाता मित्र (वालिंटियर्स) के रूप में एनसीसी व एनएसएस के कैडेट्स भी मतदान केंद्रों में उपलब्ध होंगे। मतदान दल में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों को मतदान केंद्रों में जाने से पूर्व सामग्री वितरण के दौरान प्राथमिक उपचार से संबंधित मेडिकल किट स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा आपातकालीन परिस्थितियों में मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारी नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों में उपचार हेतु सम्पर्क कर सकते हैं। कलेक्टर ने सीएमएचओ को चिकित्सकों की उपलब्धता के साथ ही महत्वपूर्ण स्वास्थ्य केंद्रों में एंबुलेंस तैनात करने के निर्देश दिए हैं।

# जिले में शांतिपूर्ण मतदान कराना हम सबका दायित्व:प्रेक्षक

**कोरबा 6 मई।** लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु कानून व्यवस्था के संबंध में प्रेक्षक श्री प्रेमसिंह मीणा ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत एवं पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी की उपस्थिति में लोकसभा चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के संबंध में बैठक ली। उन्होंने कहा कि लोकसभा निर्वाचन शांतिपूर्ण संपन्न कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। मतदान से 72 घंटे पूर्व सभी क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बनी रहे, किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित न हो इसके लिए पुलिस, राजस्व अधिकारी और केंद्रीय बलों का आपस में समन्वय हो। जिन स्थानों पर जिनकी ड्यूटी लगी हो वे जिम्मेदारी के साथ वहां दिखाई दें और फील्ड पर भी वर्दी में जवान गश्त करते नजर आयें। उन्होंने मतदान दिवस के दिन मतदान केन्द्रों में सुरक्षा बल तैनात करने के निर्देश दिए। जिला कार्यालय कोरबा के सभाकक्ष में आयोजित कानून व्यवस्था संबंधी बैठक के दौरान कलेक्टर श्री वसंत और पुलिस अधीक्षक श्री तिवारी ने कोरबा जिले में निर्वाचन संबंधी की जा रही तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था तथा फ्लैग मार्च, जांच आदि की जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि कोरबा लोकसभा में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तथा पारदर्शिता से मतदान कराना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को पुलिस तथा केन्द्रीय बलों के साथ समन्वय स्थापित करने और निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने कहा। कलेक्टर ने निर्वाचन प्रक्रिया में किसी प्रकार का बाधा पहुंचाने वालों पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही के निर्देश भी दिये। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कोरबा जिले में निर्वाचन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था हेतु आईटीबीपी, सीआरपीएफ, बीएसएफ, छत्तीसगढ़ सशस्त्रबल की कंपनियां पहुंच चुकी है। इसके साथ ही आवश्यकतानुसार बल उपलब्ध कराये जा रहे हैं। पुलिस की भी ड्यूटी लगाई गई है। संवेदनशील मतदान केन्द्रों को चिन्हित कर सुरक्षा बल लगाये जा रहे हैं। रात्रि में पेट्रोलिंग भी की जा रही है। बैठक में प्रेक्षक श्री मीणा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार निर्वाचन की गतिविधि जिले में सुचारू रूप से शांतिपूर्वक संचालित हो सके इस दिशा में हर स्थिति में लॉ एण्ड आर्डर बनाये रखते हुए गंभीर प्रकरणों पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने अन्य राज्यों तथा जिलों की तुलना में कोरबा जिला को शांतिप्रिय बताते हुए कहा कि इस बार भी निर्वाचन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके इसके लिए सुरक्षा में लगे जवानों को एलर्ट रहना है।

# जिला चिकित्सालय परिसर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**कोरबा 6 मई।** स्वर्गीय बिसाहू दास स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय से सम्बद्ध जिला चिकित्सालय परिसर में लोकसभा आम चुनाव अंतर्गत आम लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों, कर्मचारियों, मेडिकल/नर्सिंग छात्र-छात्राओं तथा मितानिनों के द्वारा मानव श्रृंखला बनाया गया तथा रैली निकालकर शत प्रतिशत मतदान का संदेश दिया गया।इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री संबित मिश्रा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. एन. केशरी, अधिष्ठाता चिकित्सा महाविद्यालय डॉ. अविनाश मेश्राम, एम. एस. मेडिकल कॉलेज डॉ.गोपाल कॅवर, जिला क्षय नियंत्रण अधिकारी डॉ. जी एस जात्रा, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. कुमार पुष्पेश, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री पद्माकर शिंदे, सहित अन्य चिकित्सक, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी तथा मेडिकल/नर्सिंग छात्र-छात्राएँ व मितानिन उपस्थित थे। कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत श्री संबित मिश्रा द्वारा उपस्थित लोगों को शत प्रतिशत मतदान हेतु शपथ दिलाया गया। उन्होंने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के निर्माण के लिए सभी की सहभागिता आवश्यक है। लोकतंत्र के महापर्व में आप सभी अपनी भूमिकाका निर्वहन करते हुए मतदान अवश्य करें।सीएमएचओ डॉ केशरी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में वोट करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। संविधान द्वारा प्रदत्त अपने मौलिक अधिकार का प्रयोग करते हुए शत प्रतिशत मतदान करें और बेहतरजनप्रतिनिधी का चुनाव करें।इस दौरान सीईओ श्री मिश्रा तथा सीएमएचओ द्वारा प्रथम बार मतदान करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए पुष्पगुच्छ भेंटकर मतदान के लिए शुभकामना दी गई। इसी प्रकार डॉ गोपाल कंवर द्वारा सभी को मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

समाचार संक्षेप

## शराब दुकान हटाने के बाद ही वनवे की व्यवस्था का सकारात्मक परिणाम निकलेगा: पब्लिक वॉइस



**जगदलपुर 6 मई।** जिला प्रशासन के निर्देश पर यातायात पुलिस ने शहर के दो व्यस्तम मार्गो चांदनी चौक से सर्किट हॉउस और एसबीआई मार्ग को वनवे कर दिया गया है। इस नई व्यवस्था से आम जनमानस को परेशानी हो रही है, जहां एक तरफ लोग परेशान हो रही है वहीं दूसरी ओर शराब दुकान के सामने बेधड़क और बेपरवाह भीड़ शासन के निर्णय को ढेंगा दिखा रही है। इस विषय पर सामाजिक संगठन पब्लिक वॉइस जो कि लगातार शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर आंदोलनरत रही है, उन्होंने कहा कि जनाक्रोश को देखते हुये जल्द शराब दुकान को हटाने के लिए पुनः प्रदर्शन किया जाएगा। पब्लिक वाइस के संस्थापक सदस्य रोहित सिंह आर्य ने कहा कि प्रशासन का वनवे करने का निर्णय कितना सही या गलत है, यह दो दिनों में ही लोगों को हो रही परेशानी से पता चल गया है। उक्त वन मार्ग पर यातायात का दबाव चांदनी चौक एसबीआई मार्ग के पास स्थित शराब दुकान की वजह से हो रहा है। उन्होने कहा कि प्रशासन यदि जनता के हित मे फैसले ले रही है तो सर्वप्रथम उन्हें शराब दुकान को अन्यत्र स्थानन्तरित करना चाहिये तभी कुछ सकारात्मक परिणाम निकलेगा।

## सर्व ब्राह्मण समाज परशुराम जन्मोत्सव मनायेगा 10 को



**जगदलपुर 6 मई।** जिला मुख्यालय के रियासत कालीन श्रीजगन्नाथ मंदिर में सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक हुई, बैठक में 10 मई को भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाने पर चर्चा करते हुए कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। समाज के संभागीय अध्यक्ष संजीव शर्मा ने विस्तृत रूप से अपने विचार रखते हुए कहा कि भगवान परशुराम ब्राह्मणों के आराध्याय देव है, इसके लिए जगदलपुर में निवासरत सभी ब्राह्मणों को सपरिवार इस कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया है। अवधेश शुक्ला, केके द्विवेदी, पुलक भट्टाचार्य, ईश्वर खंबारी, कौशिक शुक्ला ने ब्राह्मण समाज को एकजुट होकर मजबूत बनाने पर जोर दिया। नीलम मिश्रा ने कार्यक्रमों में ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को शामिल करने की बात कही। रंजीत पांडे, अशोक मुखर्जी, अरुण पाठक ने सभी से सहयोग की अपील की। सकलेश पांडे, सुधीर दुबे ने समाज के लोगों से संपर्क कर इससे जोडने कहा। आखिर में अनिल शुक्ला ने भगवान परशुराम पर कविता का पाठ किया। अरण्यक ब्राह्मण समाज, उत्कल समाज, कान्यकुब्ज समाज, सरयुपारी समाज, बंगीय ब्राह्मण समाज, छत्तीसगढ़ी सरयूपारी समाज, सनाढ्य ब्राह्मण समाज, राजस्थानी ब्राह्मण समाज, विंध्य ब्राह्मण समाज सहित अन्य सभी समाजों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में निशुल्क टैली कोर्स की सुविधा

**कोरबा 6 मई।** कोरबा शहर के हृदयस्थल दर्री रोड में स्थित श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रारंभ हो गया है। इस वर्ष महाविद्यालय द्वारा छात्राओं के लिए अनेक सुविधाएं प्रारंभ की जा रही हैं, जिससे छात्राओं को शिक्षा के पश्चात रोजगार के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। इसके अलावा पर्सनालिटी डेवलपमेंट, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी सहित बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों की सुविधा प्रारंभ की जा रही है।

श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय के अध्यक्ष सुनील जैन (टोनी) ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में नवीन पाठ्यक्रमों व सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। डिजिटल दुनिया के इस युग में कम्प्यूटर का बहुत बड़ा योगदान है, जिसे ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय में बालिकाओं के लिए टैली कोर्स की सुविधा निरूशुल्क दी जाएगी, ताकि अधिक से अधिक संख्या में बालिकाएं कम्प्यूटर सीखने के लिए प्रेरित हो सकें। इस वर्ष से महाविद्यालय में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विशेष कक्षाएं संचालित की जाएंगी। विभिन्न प्रांतों से विशेषज्ञ शिक्षक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के लिए छात्राओं का मार्गदर्शन करेंगे। छात्राओं के व्यक्तित्व विकास के लिए विशेष मार्गदर्शन दिया जाएगा। इसके अलावा महाविद्यालय द्वारा अनेक कंपनियों से भी अनुबंध किया गया है। वे सत्र के पश्चात् महाविद्यालय में आकर छात्राओं का इंटरव्यू लेंगे और उन्हें रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे छात्राओं को शिक्षा के पश्चात रोजगार की समस्या से मुक्ति मिलेगी। श्री जैन ने आगे बताया कि महाविद्यालय द्वारा छात्राओं को विभिन्न उद्योगों, कंपनियों, कारखानों व अन्य स्थानों पर शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाया जाएगा, जहां उन्हें कार्यो की बारीकियों से अवगत कराया जाएगा। महाविद्यालय परिसर में छात्राओं के लिए हाईटैक कैंटीन, फ्री वाईफाई, ई लाईब्रेरी, जिम, खेल का मैदान, एनएसएस एवं रेडक्रॉस, लैब, इनडोर आउटडोर खेल परिसर की सुविधाएं भी दी जाएंगी। श्री जैन ने आगे बताया कि महाविद्यालय का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक छात्राओं को बेहतर उच्च शिक्षा उपलब्ध कराना है। उन्होंने छात्राओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में महाविद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं का लाभ लें।

**बाइक रैली, मानव श्रृंखला, रंगोली बनाओ जैसे कार्यक्रम के माध्यम से शत प्रतिशत मतदान का दिया गया संदेश**

# करतला ब्लॉक में मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

**कोरबा 6 मई।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं की शत प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने जिले में निरंतर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वीप के तहत बाईक रैली, मानव श्रृंखला, दीवार लेखन, नारा लेखन, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर, पेंटिंग, भाषण, मेहंदी, रंगोली जैसी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आमजनों को मतदान में सक्रियता से भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है।

इसी कड़ी में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत की उपस्थिति में जनपद पंचायत करतला के हाईस्कूल मैदान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर ने ग्राम पंचायत रामपुर निवासी होम वोटर 85 वर्षीय वरिष्ठ महिला मतदाता श्रीमती आसिन बाई का षॉल एवं श्रीफ्ल भेंटकर सम्मानित किया तथा उनसे प्रेरणा लेकर मतदान करने की बात कही। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत व स्वीप नोडल श्री संबित मिश्रा, करतला जनपद पंचायत के प्रभारी सीईओ श्री राजेन्द्र कंवर सहित विभिन्न विभागों के खण्ड व पंचायत स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने शासकीय हाईस्कूल मैदान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि करतला में आयोजित ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम का मुख्य उद्देष्य 07 मई को आमजनों को षत-प्रतिषत मतदान हेतु प्रेरित करना है। मतदान दिवस के दिन कोई भी मतदाता मतदान से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम के मद्देनजर मतदान केंद्रों पर मतदाता की सुविधा के लिए छाया और षीतल पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में सभी की सहभागिता आवश्यक है। लोकतंत्र के इस महापर्व में आप सभी अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि वोट करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है, इस हेतु संविधान द्वारा प्रदत्त अपने मौलिक अधिकार को कर्तव्य की भांति निर्वहन करें। करतला की टीम यह संकल्प ले कि 07 मई को षत-प्रतिषत मतदान करके नया कीर्तिमान बनाएं।

कलेक्टर ने आमजनों को मतदान की महत्ता की जानकारी देते हुए कहा कि आपका वोट बहुमूल्य है, इस हेतु आप सभी धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा किसी प्रकार के भय या प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना मतदान करें। उन्होंने कहा कि हमें प्रत्येक 5 साल में एक बार वोट कर बेहतर जनप्रतिनिधि चुनने का अवसर मिलता है। इस दौरान कलेक्टर ने उपस्थित सभी लोगों को शत प्रतिशत मतदान हेतु शपथ दिलाई। सीईओ जिला पंचायत श्री मिश्रा ने आमजनों को मतदान की महत्ता की जानकारी देते हुए वोट करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही अपने आस पास के लोगों को भी अनिवार्य रूप से मतदान करने हेतु प्रेरित करने की बात कही।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में बाइक रैली, मानव श्रृंखला, रंगोली निर्माण जैसे गतिविधियों का आयोजन किया गया। बाइक रैली के अंतर्गत आम नागरिकों और शासकीय अधिकारियो-कर्मचारियों द्वारा जनपद पंचायत करतला से ग्राम पंचायत चांपा, चोरभट्ठी तथा मदवानी होते हुए रैली वापस जनपद पंचायत करतला पहुंची। बाइक रैली में विभिन्न स्लोगन, बैनर पोस्टर और संदेशों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान का महत्व बताते हुए अनिवार्य रुप से मतदान करने की अपील की गई। आँगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं, स्वसहायता समूह की महिलाओं के द्वारा मानव श्रृंखला बनाई गई। ग्रामीण महिलाओं एवं स्कूली छात्राओं के द्वारा स्वीप के तहत आकर्षक रंगोली बनाई गई, जिसका कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत ने अवलोकन करके महिलाओं एवं छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।


## राजनैतिक दलों के समक्ष हुआ ईवीएम,वीवीपेट का सप्लीमेंट्री रेण्डमाइजेशन

**कोरबा 5 मई ।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी एवं भरतपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए ईवीएम/वीवीपेट मशीनों (बैलेट यूनिट/कंट्रोल यूनिट) का सप्लीमेंट्री रेण्डमाइजेशन राजनैतिक दलों एवं प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। प्रेक्षक श्री सुखदेव पगारे एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंतकी उपस्थिति में मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी एवं भरतपुर दो विधानसभा क्षेत्र के लिए ईवीएम का सप्लीमेंट्री रेण्डमाइजेषनकिया गया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सीमा पात्रे उपस्थित थीं।

# किस्मत का मारा घसिया राम कभी खाना खा कर तो कभी भूखे पेट सो रहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम-फिंगेश्वर, 6 अप्रैल।** गरियाबंद जिले में कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है आपको बता दें इसके पहले ग्राम पंचायत रोहिना के आश्रित ग्राम सेम्हराडीह के गैंदी बाई जो जिंदा है उसे मृत घोषित कर राशन कार्ड निरस्त कर दिया था समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित होने के बाद आनन फानन में गैंदी बाई का नाम जोड़ा गया पर ग्राम पंचायत धुरसा में एक बुजुर्ग 80 साल घसिया राम (दल्लू राम) के सिर्फ उंगली का फिंगर नहीं बताने के कारण पिछले एक साल से राशन समाग्री से वंचित हैं आपको बता दें कि एक तरफ केंद्र सरकार पूरे देश में फ्री में राशन दे रहे हैं तो उसका क्रियान्वयन करने वाले राशन दुकान के सेल्स मेन, ग्राम पंचायत सरपंच, खाद्य विभाग वा जिला प्रशासन अपनी जिम्मेदारियां से मुंह मोड़ रहे है ऐसा ही एक मामला जिले के फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम पंचायत धूरसा में देखने को मिला है जहा एक 80 साल के बुजुर्ग घसीया राम को लगभग 1 साल से राशन नहीं दिया जा रहा है मजबूरी वस जीवन जीने के लिए बुजुर्ग को




अपने ही गांव में घर घर जाकर भीख मांग कर जीवन यापन करना पड़ रहा है। यह सब ग्राम पंचायत के राशन दुकान के सेल्स मेन वा सरपंच की मनमानी से हुआ है।जिम्मेदारों का कहना है कि उसका अंगूठा पोस मशीन में नहीं बताने की



वजह से उसको राशन नहीं दिया जा रहा ।जबकि नियम कि बात की जाए तो अगर किसी व्यक्ति का अंगूठा मशीन में नहीं बता रहा तो उसके लिए गांव के किसी जिम्मेदार व्यक्ति पंच या पड़ोसी या उसके घर परिवार में किसी जिम्मेदार इंसान को उत्तराधिकारी बनाकर उसको राशन देना है ताकि प्रदेश में कोई भूखा न सोए और शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सके पर यहां सरपंच और सेल्समेन द्वारा जान बुजकर भी अंजान बने बैठे रहे और बुजुर्ग को भीख मांग कर जीने पर मजबूर कर दिया किसी तरह मामले की खबर मीडिया तक पहुंची तो मौके पर ग्राम पंचायत धुरसा के घसिया राम जिन्हे गांव में दल्लू राम के नाम से जाना जाता है बुजुर्ग ने अपनी आप बीती मीडिया को बताया घर में देखने पर उसके पास एक खाट , गिनती के कुछ कपड़े, दो-चार बर्तन और एक छोटा सा चूल्हा दिखा इसके अलावा उसके पास कुछ नहीं था पूछने पर बताया कि शरीर काम नहीं करता बुजुर्ग हो गया हूं और मुझे साल भर से राशन नहीं मिल रहा है भीख मांग कर जीवन चल रहा है जब तक चलेगा तब तक जिऊंगा कुछ लोग दया कर कुछ दे देते हैं तो जिंदगी चल रहा है।राशन कार्ड है पर किसी काम का नही ग्राम के सरपंच के पास कई बार अपनी फरियाद लेकर गया पर वह मेरी नहीं सुनता जिस कारण से अब शासन प्रशासन और ग्राम पंचायत से आशा करना बेकार है सोचकर गांव में ही भीख मांगता हूं मुश्किल से चार-पांच माह में एक बार पेंशन मिलता है उसी में कभी-कभी कुछ सामान खरीद लेता हूं घर में पानी की सुविधा नहीं है शौचालय ठीक-ठाक नही है जिस वजह से बहुत मुश्किल से शौच के लिए बाहर जाना पड़ता है पत्नी की मृत्यु के बाद मैं अकेले ही रह रहा हूं हालांकि मेरे बेटे हैं बेटियां शादी होकर चली गई पर सब के होते हुए भी मैं एकाकी जीवन जी रहा हूं अगर राशन मिलना चालू हो जाए तो मेरी बहुत बड़ी समस्या हल हो जाएगी साहब मेरा राशन कार्ड सुधारवा दो

**सरपंच**
**ग्राम पंचायत धुरसा**

वही इस बारे में जब ग्राम पंचायत धूरसा के सरपंच रमेंद्र साहू से पूछा गया तो उसने बताया कि तीन , चार माह पहले मुझे जानकारी मिली थी तो उसे समय मैं सेल्स मेन को राशन कार्ड को सुधारने के लिए बोल दिया था सेल्स मेंन राशन कार्ड सुधार लिया होगा समझा मैं क्यों नहीं सुधारा है पता कर लेता हूं और बहुत जल्दी ही घसीया राम का राशन कार्ड सुधार कर राशन उपलब्ध कराया जाएगा।

## वक्ता मंच की गोष्ठी में कवियों ने शत प्रतिशत मतदान की अपील की

**रायपुर।** प्रदेश की प्रतिष्ठित सामाजिक व साहित्यिक संस्था वक्ता मंच द्वारा रविवार 5 मई की रात राजधानी के वृंदावन सभागृह में संपन्न काव्य गोष्ठी में उपस्थित कवियों ने शत प्रतिशत मतदान का आव्हान किया । इस अवसर पर जिला निर्वाचन कार्यालय से उपस्थित अधिकारी श्रीमती कामिनी बावनकर ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए बिना भय या प्रलोभन के निष्पक्ष मतदान करे । उन्होंने कहा कि मत का अधिकार हमें प्राप्त अधिकारों में सबसे महत्वपूर्ण है इसलिए जाति, धर्म, क्षेत्र या भाषा के आधार पर नहीं वरन राष्ट्रहित को ध्यान में रखते हुए इस अधिकार का प्रयोग करे । इस अवसर पर उपस्थित प्रबुद्धजनों ने आवश्यक रूप से मतदान करने की शपथ भी ली । आज के आयोजन में अंतरराष्ट्रीय हाकी खिलाडी नीता डूमरे, डॉ कामिनी बावनकर, डॉ भारती अग्रवाल, पूर्णेश डडसेना एवं चेतन भारती बतौर अतिथि मंच पर उपस्थित थे । कार्यक्रम का प्रभावी संचालन वक्ता मंच के संयोजक शुभम साहू द्वारा किया गया । मतदाता जागरुकता पर केंद्रित इस काव्य गोष्ठी मेंविजय कोसले, शिवानी मैत्रा,लिलेश्वर देवांगन,डॉ उदय भान सिंह चौहान, भूपेंद्र कुमार शर्मा, डॉ एच पी दुबे, मन्नू लाल यदु,संजय देवांगन, सुषमा पटेल, परम कुमार, सुप्रिया शर्मा, यशवंत यदु यश, अटल ओम शुक्ला, बिसरू राम कुर्रे, रघुनाथ देशमुख, पुर्णेश डडसेना, राजेंद्र रायपुरी, 35 से अधिक कवियों ने अपनी रचनाएँ प्रस्तुत कर तालियाँ बटोरी कवियों ने हिंदी, छत्तीसगढ़ी एवं उर्दू भाषा में काव्य पाठ कर समां बांध दिया ।

## बाल विवाह रोकने के लिए जिले में चलाया जा रहा अभियान



**बीजापुर, 6 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के नेतृत्व में तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में , बाल विवाह को रोकने के लिए जिला प्रशासन और ह्द्धष्टश्चस्न के स्वयंसेवक बिजादूतीर द्वारा जिले में 26 अप्रैल से 10 मई तक %बाल विवाह मुक्त बीजापुर अभियान% का आयोजन किया जा रहा है। इस पखवाड़े के दौरान, विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाह को रोकने के संकल्प को साझा किया जा सके। इस अभियान के अंतर्गत, रैली का भी आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों को बाल विवाह रोकने के संकल्प को मजबूत किया गया। रैली के दौरान, पोस्टर लेखन के माध्यम से भी बाल विवाह रोकथाम के सन्देश को ग्रामीणों तक पहुंचाया गया। रैली के दौरान, पोस्टर और स्लोगन लेखन के माध्यम से बाल विवाह की जागरूकता फैलाई जा रही है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है जिले को बाल विवाह से मुक्त करना और ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रथा के खिलाफ एक सामाजिक संज्ञाना उत्पन्न करना है। यह अभियान जिले के सभी ब्लॉकों में सक्रिय रूप से चल रहा है और लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए सभी उपाय किए जा रहे हैं। अभियान के महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में बिजादूतीर स्वयंसेवकों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। इन स्वयंसेवकों का समर्पण और सामाजिक जागरूकता में उनका योगदान सराहनीय है। इन स्वयंसेवकों ने अपने समय और श्रम का महत्वपूर्ण हिस्सा बाल विवाह के खिलाफ अभियान में दिया है, जो बाल विवाह से मुक्ति को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहा है। उनकी प्रेरणा और समर्थन से ही इस अभियान को सफलता मिली है। स्वयंसेवको ने इस महत्वपूर्ण पहल को संभाला और बाल विवाह की कुप्रथा के खिलाफ लड़ा। उनका सामर्थ्य और संघर्ष इस समाजिक समस्या के समाधान में एक महत्वपूर्ण कदम है जिले के नागरिकों ने इस अभियान का साथ दिया और बाल विवाह को रोकने में सहयोग किया। अभियान के माध्यम से बाल विवाह के खिलाफ एक सकारात्मक संदेश प्रस्तुत किया गया है, जो जिले के समृद्ध भविष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है।

## डाइट में दिया गया बालवाड़ी प्रशिक्षण

**बीजापुर, 6 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** प्रारंभिक



बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा या गुणवत्तापूर्ण देखभाल के तहत स्ट्श्वक्रञ्ज और ठ्ठद्बह्यद्गद्ब के दिशा निर्देशन में आज जिले में बालवाड़ी प्रशिक्षण मई माह 2024 डाइट में संपन्न कराया गया, जिसमें 82 बालवाड़ी से संबंधित शिक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रशिक्षण में शामिल हुए। प्रशिक्षण के दौरान एनईपी 2020 में नया शैक्षणिक पाठ्यक्रम के लक्ष्य एवं बाल विकास के पांच आयामों को विभिन्न गतिविधियों खेल आधारित प्रश्न एवं आसपास परिवेश के उदाहरणों को लेकर विस्तार पूर्वक समझाया गया। हमारे आसपास की पाठन सामग्रियां, पुस्तकालय का उपयोग लेखन पूर्व कौशल गतिविधियों, ज्ञानेंद्रिय कौशलों को बढ़ावा देना, विभिन्न प्रकार की गतिविधि प्रदर्शन के माध्यम से समझाया गया। स्मरण शक्ति से संबंधित क्रियाएं भाषा एवं गणितीय विकास से संबंधित क्रियाएं, गतिविधियां सृजनात्मक एवं सृजनात्मक गतिविधियां प्रदर्शन आदि के माध्यम से मास्टर ट्रेनर्स एवं विक्रमशिला एजुकेशन रिसोर्स सोसायटी (ठ्ठद्बह्यद्गद्ब) से जिला समन्वयक श्री जगत मल्होत्रा एवं श्चष्टश्च प्रभारी के द्वारा विस्तार पूर्वक समझाया गया। इस दौरान प्रतिभागियों के माध्यम से ग्रुप वाइज थीम आधारित एवं सर्किल टाइम, संज्ञानात्मक विकास गतिविधि, आउटडोर गतिविधि, भाषाई विकास गतिविधि का मंच प्रदर्शन किया गया।इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण में डाइट अकादमिक सदस्यों एवं प्रभारी प्राचार्य श्रीमती सरिता दुब्बा का विशेष मार्गदर्शन रहा।

## जिले में बनाये गये संगवारी, दिव्यांग एवं युवा मतदान केन्द्र

**रायगढ़, 6 मई।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के दौरान मतदाताओं को प्रेरित करने और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से जिले में संगवारी, दिव्यांग एवं युवा मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इसके तहत जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र में 10-10 संगवारी मतदान केन्द्र, 1-1 दिव्यांग मतदान केंद्र और 1-1 युवा मतदान केंद्र केंद्र बनाए गए हैं। विधानसभावार बनाए गए 10-10 संगवारी मतदान केन्द्र-अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय ने बताया कि विधानसभा जहां 10-10 संगवारी मतदान केन्द्र बनाए गए है। इनमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 15-लैलूंगा अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक 53-लैलूंगा-2, मतदान केन्द्र भवन स्वामी आत्मानंद शा.अंग्रेजी माध्यम विद्यालय लैलूंगा क.नं.1, मतदान केन्द्र क्रमांक 60 पाकरगांव, मतदान केन्द्र का नाम प्रा.शा.पाकरगांव, मतदान केन्द्र क्रमांक 106 केराबहार प्रा.शा.केराबहार, मतदान केन्द्र क्रमांक 199 गौरमुड़ी प्रा.शा.गौरमुड़ी, मतदान केन्द्र क्रमांक 234 गेरवानी-2 मा.शा.गेरवानी, मतदान केन्द्र क्रमांक 241 खैरपुर-1 प्रा.शा.खैरपुर, मतदान केन्द्र क्रमांक 254 गोरखा-1 प्रा.शा.गोरखा, मतदान केन्द्र क्रमांक 259 उर्दना-1 प्रा.शा.उर्दना, मतदान केन्द्र क्रमांक 265 विजयपुर-1 प्रा.शा.विजयपुर कमरा नंबर 1 एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 266 विजयपुर-2 प्रा.शा.विजयपुर कमरा नंबर 2 शामिल है।

## परामर्श बाद बुधराम ने संस्थागत प्रसव का लिया निर्णय, जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 4 मई ।** भैरमगढ़ की ग्राम पंचायत रानीबोदली के आंगनबाड़ी केंद्र से एक साकारात्मक खबर निकल कर सामने आ रही है। जहां शुक्रवार को गर्भवती माता श्रीमती सुकली कोडयामि उम्र 28 वर्ष को प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। परिवार वाले संस्थागत प्रसव के लिए तैयार नहीं हों रहे थे। जैसे ही यह खबर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन और महिला स्वास्थ कार्यकर्ता को मिली उन्होंने बिना देर किए महिला के घर पहुंच परिवार वालों को संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित



किया, ताकि सुरक्षित प्रसव कराकर मां और शिशु को स्वस्थ रखा जा सके। कुटरू परियोजना की महिला पर्यवेक्षक श्रीमती प्रियंका भारद्वाज ने बताया कि गैर संस्थागत प्रसव के खतरों और संस्थागत प्रसव से होने वाले फायदे के बारे में नियमित रूप से कार्यकर्ता द्वारा गृह भेंट कर संस्था गत प्रसव के फायदे की जानकारी दिया गया, जिस पर पति बुधराम सास सन्नी कुड़ियामी गौर से सुनने और समझने के बाद महिला के पति श्री बुधराम कोडयामि ने संस्थागत प्रसव कराने का निर्णय लिया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनिता गोता ने 102 महतारी एक्सप्रेस के माध्यम से महिला को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुटरू लाया गया। जहां महिला ने स्वस्थ बेबी गर्ल को जन्म दिया, जिसका वजन 3.12 कि. ग्रा. हैं। जच्चा ट्ठ बच्चा दोनों सुरक्षित हैं।बीजापुर सीएमएचओ डॉ बीआर पुजारी ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग से समन्वय कर जिले में संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए सयुक्त रूप से प्रयास की जा रही है। अंदुरूनी क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने के लिए चिकित्सकों और मेडिकल स्टाफ की नियुक्ति भी की गई है।

## मतदाता फोटो पहचान पत्र सहित 12 वैकल्पिक दस्तावेज दिखाकर भी मतदाता कर सकेंगे मतदान

**रायगढ़, 6 मई।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत तीसरे चरण में 7 मई 2024 को रायगढ़ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 02 के लिए मतदान होगा। सभी मतदान केन्द्रों में सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। छत्तीसगढ़ लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए है। आयोग सभी मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे मतदान स्थल पर अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे। यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी अनुमत किए गए है। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा जैसे आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए।

## 7 मई को ग्राम जंगलेसर में पंडवानी

**राजनांदगांव।** ग्राम जंगलेसर में जय मां काली सेवा भजन मंडली समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान में परशुराम जयंती,भोजली उत्सव, अक्ति त्यौहार,पंडवानी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम जंगलेसर में में आगामी 6 एवं 7 में मई को जय मां शारदे पंडवानी एवं भजन मंडली ग्राम भोथली (तिरगा)वालों का होगा। जिसमे मुख्य गायिका कु. सोनम साहू की होगी।भोजली हवन पूजन 9 मई को एवं विसर्जन 10 मई को होगा। समस्त ग्रामवासी एवं आयोजक समिति ने क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम का लाभ लेने का आग्रह किया है।

## मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व की अवधि में नारेबाजी, सभा, रैली से प्रचार प्रतिबंधित

**रायगढ़, 6 मई।** लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व की अवधि में किसी भी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्रए नारेबाजी या प्रचार प्रसार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इस आदेश का उल्लघन करने वाला व्यक्ति, दल, भारतीय दण्ड विधान की धारा 188 के अंतर्गत दण्डनीय होगा।

उल्लेखनीय है की भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा तिथि 16 मार्च 2024 से सम्पूर्ण जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील है। भारत निर्वाचन आयोग के आदेश के परिपालन में निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैंए, जो आगे भी आदर्श आचरण संहिता तक प्रभावशील रहेंगे। 07 मार्च 2024 को रायगढ़ जिले में मतदान प्रातः 07 बजे से अपरान्ह 06 बजे तक सम्पन्न होना है। मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व यानि दिनांक 05 मई 2024 अपरान्ह 06 बजे से मतदान दिवस तक सार्वजनिक सभा, रैली एवं रोड़ शो एवं लाउड स्पीकर के माध्यम से प्रचार प्रतिबंधित रहेगा। अतः उपरोक्त अवधि में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु विशिष्ट प्रतिबंधात्मक आदेश पारित किया जाना आवश्यक हो गया है।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल ने दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 1973 के अंतर्गत धारा 144 (1) एवं (2) के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए दण्डात्मक आदेश पारित किया है। रायगढ़ जिले के अन्तर्गत कोई भी व्यक्ति घातक अस्त्र-शस्त्र जैसे बन्दूक, पिस्टल, रायफल, रिवाल्वर, तलवार, फरसा, भाला, लाठी, चाकू, छूरा, कुल्हाड़ी, बरछी, गुप्ती, त्रिशूल, खुकर, सांग एवं बल्लम अन्य प्रकार के घातक हथियार तथा विस्फोटक सामग्री लेकर किसी भी सार्वजनिक स्थान, आम सड़क रास्ता, सार्वजनिक सभाओं एवं अन्य स्थानों पर लेकर नहीं चलेगा। कोई भी राजनीतिक दल या व्यक्ति सशस्त्र जुलूस नहीं निकालेगा और न ही आपत्तिजनक पोस्टर वितरित करेगा। बल्क एस.एम.एस.एवं फोन कॉल करना भी प्रतिबंधित रहेगा।यह आदेश उन शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा जिन्हें अपने कार्य सम्पादन के लिए लाठी या शस्त्र रखना आवश्यक है। यह आदेश उन शासकीय कर्मचारियों पर भी लागू नहीं होगा जिन्हें चुनाव व मतदान के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह आदेश उन व्यक्तियों पर भी लागू नहीं होगा जिन्हें शारीरिक दुर्बलता, वृद्धावस्था तथा लंगड़ापन होने के कारण सहारे के रूप में लाठी रखना आवश्यक होता है।

लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत जिले में मतदान हेतु नियत तिथि 7 मई 2024 को मतदान समाप्ति के समय से 48 घण्टे पहले एवं मतदान दिवस तक अर्थात 5 मई 2024 शाम 06 बजे से दिनांक 7 मई 2024 तक समूह में या 5 से अधिक व्यक्तियों को एक साथ इकट्ठा होने आने-जाने की अनुमति नहीं होगी।रायगढ़ जिले के विधानसभा क्षेत्रों के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह न तो कोई सभा करेगा, न कोई रैली या जुलूस निकाल सकेगा, न ही कोई धरना देगा। प्रचार मतयाचना हेतु लाउड स्पीकर का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। मतदान दिवस को मतदान केन्द्रों के 100 मीटर के भीतर किसी प्रकार की मतयाचना-प्रचार प्रतिबंधित रहेगी।मतदान केन्द्रों के 100 मीटर की परिधि के भीतर मोबाईल/फोन ले जाना, उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले समूह/व्यक्ति के विरूद्ध धारा 188 भारतीय दण्ड संहिता के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी। यह आदेश आज 5 मई 2024 अपरान्ह 06 बजे से निर्वाचन समाप्ति तक प्रभावशील रहेगा। समय कम होने के कारण किसी पक्ष या व्यक्ति को सुनवाई का अवसर दिया जाना व्यवहारिक कारणों से संभव नहीं है। अतः यह आदेश समयाभाव के कारण एकपक्षीय पारित किया गया है।

## जानें अपना बूथ: रायगढ़ जिला प्रशासन की विशेष पहल

**रायगढ़, 6 मई।** 'जानें अपना बूथ' रायगढ़ जिला प्रशासन की खास पहल है। जो जिले के उन 175 मतदान केंद्रों के मतदाता जागरूकता के लिए विशेष रूप से तैयार कर चलाई जा रही है। जहां पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत औसत से कम रहा है। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल की पहल पर यह विशेष अभियान शुरू किया गया है। इन चिन्हित मतदान केंद्रों में बीएलओ के माध्यम से मतदाता पर्ची के वितरण के साथ मतदाताओं को उनके मतदान केंद्र में आमंत्रित किया जा रहा है। उनके लिए पेंटिंग, रंगोली, क्विज प्रतियोगिता जैसी स्पर्धाएं आयोजित की जा रही है। मतदाताओं को बताया जा रहा है कि वे अपने मतदान केंद्र तक कैसे पहुंच सकते हैं। 07 मई को मतदान को मतदान दिवस के दिन मतदाताओं के



लिए गर्मी को देखते हुए की जा रही व्यवस्थाओं जैसे छाया के लिए टेंट और पंडाल, पेयजल, ओआरएस और उपलब्धता अनुसार कूलर लगाने की व्यवस्था के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। शहरी और ग्रामीण दोनों इलाकों के कम मतदान प्रतिशत वाले केंद्रों में आयोजन किए जा रहे हैं। जिससे लोग मतदान के लिए जागरूक होते हुए अपने मताधिकार का उपयोग करें। जानें अपना बूथ कार्यक्रम में लोग भी अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। बूथ स्तर पर आयोजित स्पर्धाओं में हिस्सा ले रहे हैं। रंगोली के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दे रहे हैं। जानें अपना बूथ कार्यक्रम में शामिल होने वाले मतदाताओं को मतदान की शपथ भी दिलाई जा रही है। रायगढ़ जिला प्रशासन की यह विशेष पहल मतदाताओं को लोकतंत्र के इस महापर्व से जोड़ने में अहम भूमिका निभा रहा है।

## 7 मई मतदान समाप्ति तक जिले की मदिरा दुकानें बंद

**रायगढ़, 6 मई।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए लोकसभा निर्वाचन-2024 के घोषित कार्यक्रम अनुसार रायगढ़ जिला अंतर्गत संचालित समस्त देशी मदिरा दुकानों (सी.एस.-2 घघ), कंपोजिट मदिरा दुकानों (सी.एस.-2 घघ कंपोजिट), विदेशी मदिरा दुकानों (एफ.एल.-1 घघ), होटल बारों (एफ.एल.-3)तथा देशी मदिरा भंडारण भाण्डागार को मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व (दिनांक 5 मई 2024 को सायं 5.00 बजे)से लेकर 7 मई 2024 को मतदान समाप्ति तक पूर्णतः बंद रखे जाने हेतु शुष्क अवधि घोषित किया है।

## दुर्ग जिले के सभी मतदान केंद्रों के लिए मतदान दलों को सामग्री वितरित

**भिलाई, 6 मई।** भिलाई दुर्ग लोकसभा के लिए 7 मई को मतदान की तैयारी पूरी कर ली गई है। अधिकारी - कर्मचारियों को दुर्ग जिले के सभी मतदान केन्द्रों के लिए चुनाव सामग्री का आज वितरण किया गया। जिला मुख्यालय के साइंस कॉलेज और मानस भवन से ईवीएम सहित अन्य दस्तावेजी सामग्री लेकर मतदान दल अपने अपने गंतव्य के लिए रवाना हुआ। इधर भीषण गर्मी को देखते हुए जिले के सभी मतदान केन्द्रों में कुलर सहित अन्य जरुरी व्यवस्था की जा रही है। वहीं इस बार महिला मतदाताओं के साथ आने वाले छोटे बच्चों के लिए मतदान केन्द्रों के सामने झूला घर बनाया गया है रविवार शाम को चुनावी शोर थम गया। दुर्ग लोकसभा में तीसरे चरण के तहत 7 मई को मतदान होना है। सोमवार को चुनाव आयोग द्वारा मतदान दलों को मतदान सामग्री का वितरण किया गया। मतदान सामग्री के वितरण के बाद



सभी मतदान दलों को पोलिंग बूथ के लिए रवाना किया गया। इसके लिए जिला प्रशासन और चुनाव आयोग की तरफ से तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई थी। मतदान दलों को दुर्ग के साइंस कॉलेज और मानस भवन से ईवीएम और अन्य सामग्री का वितरण किया गया। मतदान दल जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई बस से अपने निर्धारित मतदान केन्द्रों की ओर रवाना हुए दुर्ग कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी कलेक्टर दुर्ग ने बताया कि इधर नगर निगम, नगर पालिका व नगर पंचायत और ग्राम पंचायतों की ओर से अपनी अपनी सीमा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त व्यवस्था की गई है। भीषण गर्मी को देखते हुए सभी मतदान केन्द्रों में कुलर और पंखे लगाने के साथ ही



पीने के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित किया जा रहा है। इसके अलावा मतदान के लिए आने वालों को लाइन में खड़े रहने के दौरान तेज धूप से बचाने टेंट पंडाल लगाया जा रहा है। शहरी क्षेत्र में मतदान केन्द्रों पर पीने के पानी के लिए परम्परागत मिट्टी के घड़े के बजाय फिल्टर वाटर केन रखे जाने का निर्णय लिया गया है मतदान करने आने वाली महिलाओं के छोटे बच्चे भी आते हैं। ऐसे में लंबी कतार की स्थिति में बच्चों को परेशानी न हो, इसके लिए मतदान केन्द्रों के आसपास महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से झूला घर बनाया गया है। यहां पर खिलौना आदि सामग्री रखकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं की तैनाती सुनिश्चित रखी गई है। इसके साथ ही मतदान के बाद अमिट स्याही के साथ पोज लेने के लिए सेल्फी जोन भी बनाया गया है। सुरक्षा बलों की तैनाती भी सभी मतदान केन्द्रों पर कर दी गई है

## एक नजर

### शुक्ला ने नये आरपीएफ पोस्ट प्रभारी का पदभार किया ग्रहण



**भाटापारा, 6 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** एस.के.शुक्ला ने आरपीएफपोस्ट प्रभारी का पदभार ग्रहण किया वे गौरेला पेंड्रा से स्थानातरित होकर यहाँ आये है।पदभार लेने के बाद उन्होने कहा कि रेल्वे संपत्ति की सुरक्षा और यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कार्य करने के साथ साथ आरपीएफके कार्यो मे कसावट लाना उनकी पहली प्राथमिकता है। शुक्ला ने पदभार लेने के बाद विभागीय लोगो की बैठक ली और यहां के कार्यो की समीक्षा कर अन्य जानकारियां ली वही आरपीएफपोस्ट भाटापारा क्षेत्र मे निरंतर पेट्रोलिंग सहित प्लेटफार्म मे ड्यूटीरत स्टाफको निर्देशित कर कहा कि यात्रियों की सुरक्षा के साथ साथ आसामजिक तत्वो पर अंकुश लगा कार्यवाही करें।

### निष्पक्ष लोकसभा चुनाव के लिए किया फ्लैग मार्च



**तिल्दा–नेवरा, 6 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** रायपुर लोक सभा चुनाव को निष्पक्ष, निर्भीक और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए तिल्दा नेवरा पुलिस अलर्ट मोड पर है. पुलिस फ्लैग मार्च के जरिये चुनाव में गड़बड़ी करने वालों को संदेश दे रही है.अधिकारियों ने कहा कि फ्लैग मार्च समाज में सुरक्षा और सद्भाव की भावना पैदा करने और स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्र प्रभुत्व अभ्यास का एक हिस्सा है। तिल्दा नेवरा थाना प्रभारी जितेंद्र एसैया ने लोगों से जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की. साथ ही भ्रामक खबरों से बचने व मतदान करने की अपील की. फ्लैग मार्च में शामिल पुलिस कर्मी व अर्द्धसैनिक बलों के जवानों द्वारा शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न मार्गों का भ्रमण किया गया. फ्लैग मार्च में नायब तहसीलदार विपिन पटेल, जितेन्द्र एसैया / थाना प्रभारी तिल्दा–नेवरा, एवं तिल्दा नेवरा थाना के अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### सैकड़ों लोगों ने किया भाजपा प्रवेश

**आरंग, 6 मई।** लोकसभा के तीसरे चरण का मतदान 7 मई को होना है। सभी पार्टियों के दिग्गज नेता और प्रत्याशी लगातार धुआंधार चुनाव प्रचार कर रहें है, वहीं इसी बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीति और कार्यशैली से प्रभावित होकर आरंग विधानसभा क्षेत्र के 200 से ज्यादा आदिवासी मेहर व सिन्हा समाज के लोगों ने बीजेपी में प्रवेश किया है। आरंग के पूर्व विधायक संजय ढीढी और भाजपा नेता डॉ. संदीप जैन के नेतृत्व में इन लोगो ने प्रदेश की भाजपा सरकार, सांसद प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल और क्षेत्रीय विधायक गुरु खुशवंत साहेब के कार्यशैली से प्रभावित होकर बीजेपी का दामन थाम लिया है। पूर्व विधायक संजय ढीढी और बीजेपी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष श्याम नारंग तथा आरंग मंडल के पदाधिकारियों ने सभी को बीजेपी का गमछा पहना कर भाजपा में प्रवेश कराया।

# लोकसभा निर्वाचन : कलेक्टर-एसपी ने सभी से की मतदान करने की अपील

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 6 मई।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के.एल. चौहान ने लोकसभा निर्वाचन 2024 में जिले के सभी मतदाताओं से मतदान तिथि मंगलवार 7 मई 2024 को मतदान केन्द्र में जाकर बिना किसी भय, लोभ व लालच के निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की है। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले की यह परम्परा रही है कि यहां के मतदाताओं ने पूर्व में हुए सभी निर्वाचनों में अभूतपूर्व उत्साह दिखाया है। लोकसभा निर्वाचन 2024 में आपका मतदान बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के लिए ही नहीं अपितु प्रदेश एवं देश के लिए मिसाल बनेगा। आप अपने साथ-साथ अपने परिवार के सदस्यों एवं पड़ोसियों को भी मतदान करने हेतु प्रेरित करें। कलेक्टर चौहान ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व पर प्रत्येक मतदाता को सहभागी बनना चाहिए। मतदान करना मतदाता का अधिकार ही नहीं, अपितु कर्तव्य भी है। मतदाता को अपने इस अधिकार का प्रयोग करना चाहिए और अपनी जिम्मेदारी को निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की शक्ति आम नागरिक का वोट है, इसलिए अपने कर्तव्य का पालन जरूर करें। लोकतंत्र में प्रत्येक वोट का महत्व होता है। लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं एवं लोकतंत्र के उत्सव





का हिस्सा बने। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने भी सभी जिलेवासियो से बढ़ चढ़कर मतदान करने की अपील की है। उन्होने कहा की सुरक्षा के साथ इस बार मतदाताओं के सुविधाओं का भी विशेष रूप से ध्यान रखा जा रहा है। आप सभी निश्चित होकर मतदान केंद्र तक जाएं एवं मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत करने में अपना योगदान प्रदान करें।

पेयजल सहित ओआरएस तक की सुविधा गर्मी के मौसम को देखते हुए मतदाताओ के लिए पेयजल सहित ओआरएस तक की विशेष सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ ही सभी बुनियादी सुविधाओं का विशेष ख्याल रखा गया है। जिले में शत प्रतिशत मतदान हेतु स्पेशल हैश टैग जारी, मतदान कर सोशल मीडिया में #BBB_100%VOTING लिखकर अवश्य करें फोटो अपलोड

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के.एल.चौहान के निर्देश पर शत प्रतिशत मतदान एवं मतदाताओं, युवाओं को रिझाने के उद्देश से स्पेशल स्पेशल हैश टैग #BBB_100%VOTING जारी किया गया है। जिसके तहत जिले के आम मतदाता वोट देने के पश्चात अपना फोटो या सेल्फी लेकर #BBB_100%VOTING लिखकर विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम एवं एक्स (ट्विटर) में अपलोड कर सकते है। कलेक्टर के.एल.चौहान ने सभी जिला वासियों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है। इसके साथ अपने अंगुली के फोटो के साथ विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म में #BBB_100%VOTING लिखकर फोटो अपलोड करने का आग्रह किया है।

## भाटापारा पुलिस ने संतमाता कर्मा वार्ड में घटित अंधेकत्ल की गुत्थी सुलझाई

# हत्या के पांच आरोपी गिरफ्तार

- घटना में मृतक का आरोपियों की बहन को फोन कर बार-बार परेशान करना बना हत्या का मुख्य कारण
- आरोपी मारपीट कर गंभीर रूप से घायल मृतक को मोटर साइकिल में बैठाकर उसके किराए के मकान के सामने छोड़कर हो हो गये थे फरार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 6 मई।** भाटापारा शहर पुलिस ने संतमाता कर्मा वार्ड में हुए अंधेकत्ल की गुत्थी सुलझाने में सफलता प्राप्त कर ली है। टीआई योगिता बाली खापर्डे ने बताया कि टानेश कुमार ध्रुव निवासी संतमाता कर्मा वार्ड ने रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि करीब 04 माह पूर्व से राजू जायसवाल उम्र 45 वर्ष इसके संत माता कर्मा वार्ड स्थित मकान में किराए से रह रहा है, जो घूम फिर कर मजदूरी का काम करता था और अपने काम के हिसाब से मकान में आना जाना करता था। 3 मई को मुझे फोन कर बताया गया कि किराएदार राजू जायसवाल अपने किराए के घर के सामने बेहोश पड़ा है। सूचना पर अपने छोटे भाई एवं अन्य लोगों के साथ किराए के मकान पर गया एवं बेहोश पड़े राजू जायसवाल को हिलाडुला कर देखा, तो उसके शरीर में हरकत नहीं था वह बेहोश था तथा उसके आंख के नीचे चोट का निशान दे रहा था, जिसे इलाज कराने शासकीय अस्पताल भाटापारा ले गए, जहां इलाज के दौरान राजू जायसवाल की मृत्यु हो गई। रिपोर्ट पर थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा मर्ग पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया। मृतक के शरीर की सामान्य जांच पर से मृतक के साथ गंभीर रूप से मारपीट किए जाने से, उसकी मृत्यु हो जाना प्रतीत हो रहा था इस अंधेकत्ल के



### आरोपियों के नाम

1. मुकेश कुमार भैया पिता दिनेश राम भैया उमर 24 वर्ष निवासी संत माता कर्मा वार्ड
2. अश्वनी साहू पिता चिमनलाल साहू उम्र 22 वर्ष निवासी परशुराम वार्ड
3. दीपक धीवार पिता लथेलू धीवस उम्र 21 वर्ष निवासी परशुराम वार्ड भाटापारा मोबाईल नहीं है
4. कामेश यादव उर्फ एप्पी पिता जीवन यादव उम्र 25 निवासी संतमाता कर्मा वार्ड
5. राजू ध्रुव पिता अनूप ध्रुव उमर 22 वर्ष निवासी संत माता कर्मा वार्ड

मामले का खुलासा करन वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे शहर की पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर, हत्या के सब पहलुओं को ध्यान में रखते हुए अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों सहायक उप निरीक्षक घनश्याम वर्मा प्रधान आरक्षक भूखन वर्मा आरक्षक उमेश वर्मा विजय शंकर ठाकुर दुर्गेश साहू लोरिक शांडिल्य साइबर से आरक्षण प्रवीण कौशिक हेमंत नायक सर्विलांस टीम से आरक्षक इंद्र कुमार सोनी द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी, मृतक के पहचान वालों आसपास के लोगों से विस्तृत पूछताछ किया गया। घटना स्थल व उसके आसपास लगे सी.सी.टी.व्ही. कैमरों के फुटजों का अवलोकन करने के साथ ही प्रकरण में मुखबीर भी लगाये उप निरीक्षक के साथ साइबर सेल के सदस्यों द्वारा भी तकनीकी विश्लेषण पर अज्ञात आरोपी को चिन्हांकित करने के प्रयास किये जा रहे थे, इसी दौरान तकनीकी विश्लेषण एवं गहन पूछताछ से अंततः आरोपियों को चिन्हित करने में सफलता मिली।

मृतक राजू जायसवाल को कामेश यादव उर्फएप्पी, राजू ध्रुव, मुकेश एवं अन्य लोगों साथ देखा गया था। संदेह के आधार पर इन आरोपियों को पकड़कर कड़ाई से पूछताछ किया गया, जिसमें आरोपियों द्वारा मृतक की हाथ मुक्का एवं हाकी स्टिक से गंभीर रूप से मारपीट करना स्वीकार किया। पूछताछ पर आरोपियों द्वारा बताया गया कि मेरी बहन की सगाई तीन महीने पहले हो चुकी है, जिसमें मृतक, आरोपी की बहन को बार-बार फोन करके परेशान करता रहता था। बहन द्वारा उसके नंबर को ब्लॉक करने पर मृतक द्वारा कई अन्य नए नंबरों से आरोपी की बहन को बार-बार फोन कर परेशान कर रहा था। कि उक्त बात को उसकी बहन द्वारा अपने भाईयों (आरोपी) को बताया गया, जिसमें सभी पांच आरोपियों द्वारा एक राय होकर बहन को बार-बार फोन करने की बात को लेकर हांथ, मुक्का एवं हॉकी स्टिक से मृतक राजू जायसवाल के सांथ मारपीट किया एवं उसे मोटरसाइकिल में बैठाकर उसके किराए के घर के सामने लाकर छोड़ दिया। कि प्रकरण में सभी 05 आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

## समाचार संक्षेप

### प्रचार के अंतिम दिन कार्यकर्ताओं ने रैली निकाल कर बृजमोहन अग्रवाल के लिए मांगा वोट



**तिल्दा–नेवरा, 6 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** चुनाव के अंतिम दिवस भारतीय जनता पार्टी तिल्दा नेवरा शहर मंडल ने रायपुर लोकसभा के प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के पक्ष में विशाल रैली निकाली गई। रैली का नेतृत्व भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के प्रतिनिधि के रूप में आए। दोपहर दो बजे नगर प्रवेश द्वार साईं मंदिर चौक के पास से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का हुजूम लंबी रैली के साथ निकला, हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और महिलाएं निकली, राउत नाचा, पंथी नृत्य, ढोर बाजे गाजे के साथ कार्यकर्ता जिंदाबाद किले नारे लगाते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक, स्टेशन चौक शहीद हेमू कल्याणी चौक, अग्रसेन चौक, सुभाष चौक होते हुए नेवरा भ्रमण कर वापस गांधी चौक में सभा का रूप लेकर समाप्त हुई। सभा को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी गरीब और मध्यम वर्गीय लोगों के जीवन सदैव तत्पर है केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार हो या राज्य की मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जनता से किए हुए हर वादे को निभाया है आज हर गरीब परिवार का सबसे बड़ा सपना होता था कि अपना मकान हो, दो वक्त की रोटी और अनाज की व्यवस्था, घर खर्च के महिलाओं लिए खुद की राशि हो, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में योजनाएं लाई गई और जितनी योजना लाई गई सारी योजनाओं को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पूर्ण किया।

भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के प्रतिनिधि के रूप में आये भाई माननीय योगेश अग्रवाल मंच से सभा को सम्बोधित करते हुए कहां कि एक गरीब, मध्यम परिवार का सपना पूरा हुआ जो कभी अपना घर हो का सपना था, उसको प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना से पूरा किया। नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि देश में कोई भी आवास विहीन नहीं रहेगा, देश में आगामी 3 करोड़ और आवास बनाए जाएंगे, प्रदेश की 70 लाख से अधिक महिलाओं को 1000 महतारी वंदन योजना के तहत सीधे खाते पर पहुंचा जा रहे हैं, जो हमारी महिला बहनों के लिए बहुत बड़ा महत्व रखता है, देश में कोई भी परिवार गरीब व्यक्ति भूखा ना सोए इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार चल रही मुफ्त अनाज की योजना को बढ़ाते हुए आगामी 5 साल तक हर गरीब परिवार को नि :शुल्क दिया जा रहा है।

### सुबह निकली ग्रामीण बीजेपी की रैली

इस तरह ब्लाक के सेकडो गावों के लोग भी ग्रामीण मंडल की रेली विधायक कार्यालय से नेवरा तक निकली जिसमें भारी संख्या में लोग दिखे। काग्रेस की रेली इस बार नजर नही आई कारण हजारों काग्रेस कार्यकर्त्ता गांव गांव में बीजेपी प्रवेश कर चुके है।

### भखारा परिक्षेत्र सतनामी समाज का गठन



**भखारा, 6 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सतनामी समाज की सामाजिक पृष्ठभूमि प्रारंभ से ही संघर्ष पूर्ण रहा है। अशिक्षा गरीबी सामाजिक दूरभावनाओं जैसे जहरीले समस्याओं का निरंतर सामना पड़ा है।ऐसे में अब जिला अध्यक्ष कपिल देशलहरे के नेतृत्व में सतनामी समाज तीव्र गति से आगे बढ़ने को तैयार है। जिला अध्यक्ष कपिल देशलहरे ने सामाजिक एकीकरण का मुहिम चलाकर लगातार ब्लॉक स्तर, परिक्षेत्र स्तर पर पदाधिकारियों का गठन कर एवं सतनाम रावटी गुरूद्वारा जोधापुर से ग्राम उड़ेना तक निकाल कर इतिहास रच दिया है। धमतरी जिले के सतनामियो ने अब अपने समाज का गौरवपूर्ण इतिहास से प्रेरणा लेकर गौरानान्वित हो रहा है।ऐसे में अब समाजजन जिला अध्यक्ष कपिल देशलहरे के नेतृत्व में एकता के सूत्र में बांधने को आतुर है। सामाजिक एकीकरण मुहिम के तहत कल भखारा परिक्षेत्र का पुनर्गठन कर पदाधिकारियों का चयन किया गया है।उक्त बैठक में सतनामी समाज भखारा परिक्षेत्र का गठन किया गया है जिसमें सर्वसम्मति से सोनू राम ढीढी को परिक्षेत्र अध्यक्ष बनाया गया एवं बलिराम कोसरिया को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।वहीं अन्य पदों पर पदाधिकारियों की नियुक्ति करने के लिए परीक्षित अध्यक्ष को निर्देशित किया गया है।साथ ही नव नियुक्त पदाधिकारियों को स्वेत गमछा भेंट कर एवम् सामाजिक रजिस्टर सौंप कर ज़िम्मेदारी दिया गया है। वहीं समाज के कुछ ओछी मानसिकता के लोगों ने इस बैठक को विफल करने की साज़िश रची थी।और बैठक को विफल करने के समाज में विवाद उत्पन्न कर रहे थे। ऐसे लोगों को समाज के द्वारा कड़े शब्दों में चेतावनी दिया गया है। माहौल को अपने खिलाफ बनता देख समाज का बहिष्कार कर स्वयं बैठक छोड़कर चल दिए।समाज का इस प्रकार अवहेलना करने वालों का सतनामी समाज भखारा परिक्षेत्र ने घोर निन्दा किया है। उक्त बैठक में प्रमुख सलाहकार कार डा सुरेन्द्र कुर्रे, रमेश लहरे, राजा बंजारे, महासचिव चंद कुमार बंजारे, सतनामी समाज का मीडिया प्रभारी राजेश रात्रे, ललित, व समाज जन अधिक संख्या में उपस्थित थे।

### मतदान दल रवाना



**बलौदाबाजार-भाटापारा, 6 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के दोनों लोकसभा अंतर्गत चारों विधानसभा क्षेत्र, बिलाईगढ़, कसडोल, बलौदाबाजार एवं भाटापारा के लिए मतदान दलों को आज सुबह नवीन मंडी परिसर से मतदान सामग्री का किया जा रहा है वितरण. इस दौरान कलेक्टर के एल चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने वितरण कार्यो का जायजा लिया।

## नगर पंचायत की नालियों में कीचड़ व गंदगी का आलम,पनप रहे मच्छर

# अभी भी छाया है जल संकट, जिम्मेदार बना रहे दूरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा, 6 मई।** नगर पंचायत भखारा मे जहाँ विगत 15 दिनों सें जलसंकट गहराया हुआ है लोग पानी के त्राहि त्राहि हो रहे है! वहीँ अभी पुरा गर्मी बचा है परंतु जिस प्रकार वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है उससें भरे गर्मी मे स्थिति और भी विकराल होने की संभावना है।वार्डवासियों ने कहा की पेयजल की समस्या के साथ सभी वार्डो मे ऐसी विभिन्न समस्या है जैसे नालियों में कचरा का होना,बिजली खम्बे का टेड़ा होकर तार का झुकना। लोगों ने बताया कि वार्डों की नाली कचरे से भरा है। नली में पनपने वाले मच्छर व बदबू से वार्ड वासी परेशान है।तों कुछ जगह नालियों के ऊपर का चेम्बर टूट कर गड्ढा हो चुका है सरिया बाहर झाँक रहा है, जिससे राहगीरो और बच्चों की गड्ढे में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त होने की भी आशंका बनी रहती है।

**जनप्रतिनिधि जनता से बना रहे दूरी:** एक बड़ा सवाल यें उत्पन्न होता है की जनता प्रतिनिधि क्यों चुनती है! ताकि जनप्रतिनिधि समस्याओं को सुनें समझे देखे और उसका समाधान करें परन्तु वार्ड के प्रति वार्ड के ही जनप्रतिनिधियों का सुस्त रैवैये से वार्डवासियों में घोर निराशा है।उनकी अनदेखी के चलते जो समस्याओं सें जनता जूझ रही है।वार्डवासियों नें इसे जनप्रतिनिधियों की नाकामी करार दिया है। आमजनता की मूलभूत सुविधाएं से वार्ड पार्षदों को कोई सरोकार नही है।जनता की मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी वार्ड पार्षदों की उदासीनता और विफलता को दर्शाता है। वहीं नगर में जलसंकट की समस्याओं पर चर्चा तेज है। भखारा भठेली में पांच बोर मोटरपंप है।जिसकी तैयारी गर्मी लगने के पहले नही किया गया।वहीं लोगों का कहना है कि नगर पंचायत के अधिकारी सिर्फ और सिर्फ पैसा कहा से आए इसी मे ध्यान देते है।




टैक्स नलजल 60 रुपए से बढ़ाकर 180 तक एवं घरेलू टैक्स 300 सें 900 एवं 1200 तक परिषद की बैठक में बढ़ा दिया है। नगर पंचायत में सत्ताधारी दल का एकतरफा दबदबा होने के कारण मनमाने तरीके से टैक्स में बढ़ोतरी करके जनता को लूटने का काम नगर में हो रहा है। फिर भी आम नागरिकों को मूलभूत सुविधा देने में स्थानीय निकाय के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि जिनको नगर की बागडोर जनता नें बड़े उम्मीद के साथ सौपी थीं वे अब नाकाम साबित हो रहे है।

**तालाबों को सुखा करना मूर्खतापूर्ण:** भीषण गर्मी में शहर के निस्तारी वाले चार प्रमुख तालाबों को सुखा दिया गया है।लोगों में चर्चा है कि तालाब की मुरूम बेचकर मोटी रकम जेब में भरने हेतु तालाबों को सुखा कर दिया गया है भखारा भठेली में लगभग 50 हैंडपंप है जो चालू है और पानी सही है। लेकिन तालाब सुखाने की वजह सें भी शहर के सभी हैण्ड पम्प मे वाटर लेवल गिर गया है!लोगो को पेयजल हैंडपंप से राहत मिलता था जो नहीं मिल पा रहा है।ऐसे में निस्तारी के लिए भी तालाबों में अब पानी नहीं है।इस तरह से नगर में चौतरफा अव्यवस्था फैली है।

## एक नजर

### आंरग के स्वास्थ्य कर्मियों को मताधिकार से होना पड़ेगा वंचित

**रायपुर 6 मई।** खंड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आंरग जिला रायपुर के द्वारा मतदान दिवस 7 मई को लगभग सभी अधिकारी/कर्मचारियों का चिकित्सकीय व्यवस्था का हवाला देते हुए ड्यूटी लगा दी गई है , जिससे दूसरे लोकसभा एव विधानसभा के लगभग 90-100 निवासी स्वास्थ्य अधिकारी/कर्मचारियों को अपने मताधिकार के प्रयोग से वंचित होन पडेगा क्योकि आदेश मे कंही भी स्पस्ट नही किया गया है कि ड्यूटी के लिए आदेशित कर्मचारी अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए ड्यूटी करेंगें, न ही खंड चिकित्सा अधिकारी द्वारा रोस्टर बनाया गया है कि बाहर के कर्मचारी अपने मतदान का प्रयोग कर के आने के पश्चात् अपने दायित्वो का निर्वहन करेंगें , न ही डाक मतपत्र का व्यवस्था किया गया है। ऐसे मे अधिकारी/कर्मचारियो मे भारी हताशा है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग न कर पाते हुए लोकतंत्र के पर्व मे शामिल नही हो पायेंगें। संघ ने मांग किया है कि ऐसे अधिकारी जो स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी /कर्मचारियो को मताधिकार से वंचित रखने का कृत्य करने वाले खंड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आंरग के उपर कडी कार्यवाही करने का मांग करते हुए , ड्यूटी लगे अधिकारी /कर्मचारियो के मताधिकार को सुरक्षित रखने हेतु तत्काल आदेश निर्देश जारी करने का निवेदन जिला निर्वाचन अधिकारी जिला रायपुर एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला रायपुर से किया है।

### शंकर नगर में अत्याधुनिक संगीत अकादमी शुरू



**रायपुर, 6 मई।** भारत के सबसे बड़े म्यूजिक एजुकेशन प्लेटफार्म मुजिगल ने रायपुर में अपनी पहली अत्याधुनिक संगीत अकादमी लॉन्च की। थर्ड फ्लोर, एसआर प्लाजा, सेक्टर 3, शंकर नगर, रायपुर में स्थित, अकादमी 1900 वर्ग फुट में फैली हुई है जो गायन और वाद्य सहित संगीत सीखने के लिए अत्यधिक अनुकूल है। मुख्य अतिथि - डॉ. भारती बंधु (पद्मश्री) कबीर और सूफी गायक, विशिष्ट अतिथि - श्री अनिन रॉय (छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध सितार वादक) और डॉ. लक्ष्मीनारायण येलुरी (फाउंडर-मुजिगल) की उपस्थिति में अकादमी लॉन्च की गई। कई बैचों में फैले 500 से अधिक छात्रों को समायोजित करने की क्षमता के साथ, रायपुर में संगीत अकादमी पियानो, कीबोर्ड, गिटार, ड्रम, कर्नाटक वोकल्स, हिंदुस्तानी वोकल्स, वेस्टर्न वोकल्स, वायलिन और युकुलेले में शिक्षा प्रदान करेगी। संगीत अकादमी के लॉन्च के बाद, शुरुआती महीने के लिए, मुजिगल सभी नामांकनों के साथ 1 महीने की मुफ्त संगीत शिक्षा प्रदान कर रहा है। मुजिगल की अत्याधुनिक अकादमी ऑनलाइन, ऑफलाइन और संगीत वाद्ययंत्रों की दुकान को एक प्लेटफार्म में एकीकृत करके संगीत सीखने और सिखाने के इको-सिस्टम में 360-डिग्री फ्रेमवर्क प्रदान करके संगीत शिक्षा में एक स्वर्ण मानक स्थापित कर रही है।

### सीमंधर स्वामी का जन्मकल्याणक मनाया गया



**रायपुर 6 मई।** श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी , भैरव सोसायटी में श्री सीमंधर स्वामी परमात्मा का जन्मकल्याणक महोत्सव मनाया गया । परमात्मा के जन्म पश्चात श्रद्धालुओं ने भगवान का पालना झुलाकर असीम आनन्द का अनुभव किया । श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि तीर्थंकर परमात्मा जब माता के गर्भ में पधारते हैं तब मातारानी 14 महास्वप्न देखती है । 14 महास्वप्नों को बधाने व पूजा का जैन धर्म में विशेष महत्व है । श्री सीमंधर स्वामी जन्मकल्याणक अवसर पर पालना जी का लाभ गुलाब चंद टीकम सपना बैद नगरी रायपुर वालों ने लिया । रात्रि में भजन सम्राट नवीन चोपड़ा ने जन्मकल्याणक पर प्रभु भक्ति में श्रद्धालुओं को झूमा दिया । श्री सीमंधर महिला मण्डल ने दादागुरुदेव इक्तिसा जाप में जनमानस को सरोबार कर दिया ।

### निधन

#### अजय वर्मा



**रायपुर।** नगर निगम जनसंपर्क/ प्रेस विभाग के रिकॉर्ड विभाग और पूर्व वरिष्ठ पत्रकार दैनिक भास्कर श्री अजय वर्मा जी का देहावसान आज दिनांक 06/05/2024 को हो गया।जिनकी अंतिम यात्रा उनके रोहणीपुरम निवास से दोपहर 12 बजे महादेव घाट मुक्ति धाम के लिए रवाना होगी। परमपिता परमेश्वर उसकी आत्मा को शांति दे एवं उसके परिवार को दुख सहने की शक्ति दे।

# भीषण गर्मी में मतदान कराना होगा चुनौतीपूर्ण

**मतदान केंद्रों में ओरआरएस, नींबू व ठंडा पानी की व्यवस्था, सात लोकसभा क्षेत्रों में मतदान कराने दलों की रवानगी**

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 6 मई।** भीषण गर्मी में राज्य के सात लोकसभा क्षेत्रों में सात मई को चुनाव कराना चुनौतीपूर्ण होगा। रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, कोरबा, दुर्ग में मतदान दलों को आज रवाना कर दिया गया है। राजनीतिक दलों के प्रत्याशी अब घर-घर जाकर मतदाता पर्ची बांटने के बहाने जनसंपर्क कर रहे हैं। निर्वाचन आयोग ने 'चुनाव का पर्व, देश के लिए गर्व' का नारा देकर मतदाताओं से अपील की है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

प्रदेश के सात लोकसभा क्षेत्रों में होने वाली चुनाव के लिए आज से मतदान दलों को रवाना किया जा रहा है। सात लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के अंतर्गत 58 विस क्षेत्र आते हैं। इनमें कुल मतदाताओं की संख्या 1 करोड़ 39 लाख है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार यहां पर कुल 15701 मतदान केंद्रों में से 7882 में वेबकॉस्टिंग से मॉनिटरिंग की जाएगी। पुलिस बल भी बड़ी संख्या में डिप्लॉय किया गया है। वीवीपैट तथा बैलेट यूनिट की प्रथम जांच कर ली गई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि भीषण गर्मी में मतदाताओं के लिए ओआरएस घोल, ठंडा पानी एवं नींबू पानी की व्यवस्था की गई है। इसके लिए समाजसेवी संस्थाओं तथा अन्य लोगों का भी सहयोग लिया जा रहा है।

बिलासपुर में कांग्रेस के देवेन्द्र यादव और भाजपा के तोखन साहू के बीच मुकाबला है। कलेक्टर अविनीश शरण और एसपी रजनीश सिंह ने यहां पर चुनावी व्यवस्था का जायजा लिया है। इंजीनियरिंग कालेज कोनी से मतदान दलों को रवाना कर दिया गया है। बिलासपुर लोकसभा के अंतर्गत मुंगेली और पेण्ड्रा जिले के भी मतदान केंद्र आते हैं। कुल 21 लाख मतदाता हैं। मतदान केंद्रों की संख्या 2225 व सहायक मतदान केंद्रों की संख्या 26 है। इस तरह कुल कुल मतदान केंद्रों की संख्या 2251 है। यहां पर चुनावी शोरगुल थम गया है। तीन जिलों में विभाजित होने के कारण प्रत्याशी चुनावी कोलाहल से दूर हैं। व्यक्तिगत जनसंपर्क, सोशल मीडिया एवं संचार माध्यमों से संपर्क कर रहे हैं।

रायगढ़ कलेक्टर कार्तिकेय गोयल ने चुनावी व्यवस्था की समीक्षा की है। डिप्टी सीईओ पांडेय के अनुसार 18 लाख 38 हजार मतदाता हैं। रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत रायगढ़ और जशपुर जिला आता है। रायगढ़ जिले के अंतर्गत रायगढ़, धर्मजयगढ़ और लैलूंगा तीन विधानसभा क्षेत्र आते हैं। केआईटी से मतदान दलों को मतदान सामग्री बांटा जा रहा है। रायगढ़ में 2367 मतदान केंद्र हैं।

#### रायपुर भाजपा का मजबूत किला

रायपुर पिछले दो दशक से भाजपा का अभेद किला बना हुआ है। यहां पर आठ बार विधानसभा चुनाव जीतने वाले बृजमोहन अग्रवाल लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस के विकास उपाध्याय से उनका मुकाबला है। रायपुर जिले के अंतर्गत आरंग, अभनपुर, धरसींवा के अलावा रायपुर शहर की चारों सीटों पर दोनों प्रत्याशियों ने रैली व जुलूस निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया है। यहां पर कोई स्टार प्रचारक नहीं आया है। 7 मई को होने वाले मतदान के लिए अब भाजपा कांग्रेस कार्यकर्ता घर-घर चुनावी पर्ची बांटकर संपर्क कर रहे हैं। मतदान केंद्र से 100 मीटर दूर पंडाल लगाए गए हैं। यहां पर मतदाता पर्ची से लोगों का नाम का मिलान किया जाएगा। मतदाताओं से अपील की गई है कि वे आधार कार्ड अथवा ईपिक कार्ड लेकर आएं।

#### दीदी और भाभी के बीच खंदक की लड़ाई

कोरबा लोकसभा क्षेत्र इस समय हाईप्रोफाइल बना हुआ है। चुनावी शोरगुल थमने के बाद यहां दीदी भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय और भाभी कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत के समर्थक डोर-टू-डोर प्रचार कर रहे हैं। यहां पर 16 लाख मतदाता हैं। कोरबा, रामपुर तथा तानाखार में ही 10 लाख मतदाता हैं। इनमें राष्ट्रपति के पुत्र कहे जाने वाले पंडो, बिरहोर एवं कोरवा प्रमुख हैं। कोरबा में भाजपा तथा कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं की चुनावी सभाएं हो चुकी है। चांपा में भाजपा की कमलेश जांगड़े और कांग्रेस के डॉ. शिव डहरिया के बीच मुकाबला है। जांजगीर-चांपा में 2219 मतदान केंद्र हैं। मतदाताओं की संख्या 30 लाख है। इस लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत चांपा-जांजगीर, सक्ती तथा सारंगढ़ जिला आता है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के अनुसार भाजपा प्रत्याशी की जीत निश्चित है।

#### उत्तर विधानसभा में नारी शक्ति संभालेंगी मोर्चा

उत्तर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 243 मतदान केंद्र आते हैं। इनमें करीब 843 महिला कर्मचारियों को ड्यूटी में तैनात किया गया है। अपर कलेक्टर निधि साहू ने बताया कि सेजबहार इंजीनियरिंग कालेज से मतदान दलों को रवाना कर दिया गया है। सभी मतदान दल देर रात तक मतदान केंद्रों में पहुंच जाएंगे। पिछले लोकसभा चुनाव में 6 लाख मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग नहीं किया गया था। रायपुर लोकसभा में 23 लाख मतदाता हैं। मतदान केंद्रों की संख्या 2147 हैं।

सरगुजा में भाजपा के चिंतामणि महाराज और कांग्रेस के शशि सिंह के बीच सीधा मुकाबला है। यहां पीजी कालेज से मतदान दलों को रवाना किया जा रहा है। कुल 18 लाख मतदाता हैं जो 2197 मतदान केंद्रों में वोट देंगे। प्रदेश की सात एवं भारत के 79 लोकसभा क्षेत्रों में 7 मई को तीसरे चरण का मतदान होगा। पूरे प्रदेश में एक साथ 4 जून को मतों की गणना होगी।

## बरबंदा से बीजेएस का जल क्रांति अभियान प्रारंभ



**रायपुर 6 मई।** तालाबों में बारिश के पानी के साथ साथ मिटटी बह कर आती और जमती है इससे तालाब उथले हो जाते है , उनकी जल संग्रहण क्षमता काम हो जाती है । ऐसे तालाब गर्मियों की शुरुवात में ही सूखने लगते है । और गाव् में पानी की समस्या विकराल हो जाती है ।

तालाबों की डिसिल्टिंग (गादमिटटी खोदकर निकलना ) इस समस्या का बहुउपयोगी हल है । बी जे एस छत्तीसगढ़ के प्रथम चरण में 6 जिलों में कार्य होना है रायपुर जिला में 4 तालाबों में काम होना है,आज ग्राम बरबंदा से इस कार्य का आगाज़ हुआ है , भारतीय जैन संगठन ने देश के 100 जिलों में कार्य का बीड़ा उठाया है जिसमे फ़ोर्स मोटर्स का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ है। ग्राम बरबंदा में भारतीय जैन संगठना ने सरपंच एवं गांव वालो के साथ इस कार्य का प्रारंभ नवकार महामंत्र से किया गया । पानी की महत्वता और किसानो को गाद का महत्व समझा कर जागरूक किया , उन्होंने जल क्रांति अभियान का महत्वा समझा और आज उनके सहयोग और उपस्थिति से इस कार्यक्रम का आरम्भ हुआ ।

इस कार्यक्रम में वाटर प्रोजेक्ट के राज्य वॉटर हेड विजय जी गंगवाल ने पुरे प्रोजेक्ट की जानकारी देते हुए ,बी जे एस के पूर्व कार्यो से अवगत किया,और उपस्थित जनों को पानी की महत्वता पर प्रकाश डाला , छत्तीसगढ़ के राज्य अध्यक्ष

श्री मनोज जी लुंकड ने जन भागीदारी की अपील की और सभी के सहयोग की सराहना कि, रायपुर जिला अध्यक्ष मानवेन्द्र दफ़्तरी जी ने तालाब पुनर्जीवन की उपयोगिता पर विशेष जानकारी दी सरपंच जीतेन्द्र जी पटेल ने गांव वालों को इन्ही सब जानकारी पर पुनः प्रकाश डाला ।

जिला अध्यक्ष मानवेंद्र दफ्तरी जी ,जिला सचिव हर्षवर्धन जी बाघमार , हंस राज जी कोठरी , संपत जी झाबक , संजय जी सिंघी , प्रकाश सिंह जी चोपड़ा , प्रदीप जी सांकला , देवानंद जी बरड़िया, रोमिल जी छाजेड़ , नमन जी लोढ़ा ,अशोक जी सांकला, लीलेश जी गोठी , उप सरपंच राजेश जी वर्मा आदि उपस्थित रहे । यह पहल न सिर्फ जल संरक्षण में सकारात्मक परिवर्तन लाएगी , बल्कि जन-जन को भी सकारात्मकता की दिशा में प्रेरित करेगी ।

## राधिका खेड़ा का कांग्रेस ने किया अपमान भाजपा में होंगी शामिल : अजय चंद्राकर



**रायपुर,6 मई।** भाजपा वरिष्ठ नेता और विधायक अजय चंद्राकर ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला है. उन्होंने कहा कि राधिका खेड़ा को कांग्रेस से उन्हें न्याय नहीं मिला, वे अपमानित हुई. उनके अपमान से छत्तीसगढ़ का सर शर्म से झुक गया है. दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए. कांग्रेसियों ने उनका अपमान किया इसलिए भाजपा की ओर आ रही हैं. इसके साथ ही अजय चंद्राकर ने अन्य मुद्दों पर भी बयान दिया है. मीडिया से चर्चा करते हुए विधायक अजय चंद्राकर ने राधिका खेड़ा ने कांग्रेस से इस्तीफा देने पर कहा कि कांग्रेस से उन्हें न्याय नहीं मिला, वे अपमानित हुई. उनके अपमान से छत्तीसगढ़ का सर शर्म से झुक गया है. दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए. उन्होंने आगे कहा कि कोई प्री प्लान नहीं होता, क्या अपमान प्री प्लान होता है ? लड़ाई झगड़ा प्री प्लान नहीं होता. कांग्रेसियों ने उनका अपमान किया इसलिए भाजपा की ओर आ रही हैं. इसके साथ ही राधिका खेड़ा के सुशील आनंद शुक्ला पर एफआईआर की मांग पर अजय चंद्राकर ने कहा, एफआईआर करवाना चाहिए और तुरंत कार्रवाई करना जरूरी है. राधिका के बीजेपी में शामिल होने की चर्चा पर चंद्राकर ने कहा कि हर राष्ट्रवादी का बीजेपी में स्वागत है. जो राष्ट्र को प्रेम करता है, उसका बीजेपी में स्वागत है. तीसरे चरण के चुनाव को लेकर बीजेपी विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि बीजेपी पूरी तरह से आश्वस्त है. भाजपा के पक्ष में नतीजें आयेंगे. भाजपा प्रचंड बहुमत से चुनाव जीतेगी. कांग्रेस चुनाव लड़ने की औपचारिकता कर रही है।

## भाजपा बीफ कंपनियों से लेती है चंदा: कांग्रेस



**रायपुर 6 मई ।** भाजपा सांसद संतोष पांडेय के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा फर्जी गौ सेवक है। गौ मांस निर्यातकों से चंदा लेकर चुनाव लड़ती है। भाजपा को वोट देने का मतलब बीफ कंपनियों के सहयोगियों को मदद करना है। भाजपा का एक ही काम है गौ माता के नाम से वोट मांगना और बीफ कंपनियों से चंदा लेकर चुनाव लड़ना। भाजपा का गौ विरोधी चरित्र पूरा देश ने देख लिया है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा को बीफ कम्पनियो ने 250 करोड़ रुपए का चंदा इलेक्टोरल बांड के माध्यम से दिया है। बीफ कम्पनियो को फायदा पहुंचाने के लिये भाजपा की सरकार ने प्रदेश में गौ सेवा के लिए चल रही गोधन न्याय योजना को बंद कर दी। जिसका परिणाम है प्रदेश में गौ तस्करी तेजी से बढ़ी 4 महीने में हजारों गायए एवं पशुधन की तस्करी हुई है। रोड एक्सीडेंट में पशुधन की मौत हुई है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के दौरान गायो की सुरक्षा देख रेख के लिये 10,000 से अधिक गौठान बनाए गए थे। जिसके माध्यम से पूरे प्रदेश में तीन लाख एकड़ जमीन सुरक्षित हुआ था। जहां पशुधन के खाने पीने रहने दवाई पानी का प्रबंध था। पशुधन के आवारा घूमते पर प्रतिबंध लग गया प्रदेश में गोधन न्याय योजना के चलते पशुधन का नस्ल सुधार हुआ दूध उत्पादन बढ़ा। गौ मूत्र गोबर खरीदी हुई गोबर से उत्पाद बनाए गए जैविक खाद बनाया गया जिससे कृषि लागत कम हुआ था भाजपा सरकार बनने के बाद यह सब बंद हो गया है।

## उत्कल समाज के कई लोग भाजपा में शामिल

**रायपुर 6 मई ।** उत्तर विधानसभा के विधायक एवं सर्व ओडिया समाज के प्रदेश अध्यक्ष पुरन्दर मिश्रा जी के नेतृत्व में उत्कल समाज के वरिष्ठजनों में दुर्योधन पंनका (संस्थापक गौरीशंकर सेवा समिति) एवं गोपाल बाघ (अध्यक्ष मधुसूदन दास फाउंडेशन) ने अपने सैंकड़ों उत्कल समाज के सामाजिक साथियो के साथ कैबिनेट मंत्री एवं रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के समक्ष भाजपा प्रवेश की मंत्री एवं रायपुर उत्तर विधायक पुरन्दर मिश्रा ने सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं को गमछा पहना कर पार्टी में प्रवेश दिलाया। विधायक पुरन्दर मिश्रा ने उत्कल समाज के लोगों को भाजपा प्रवेश होने की शुभकामनाएं दिया एवं मीडिया से संवाद करते हुए कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस के नापाक मंसूबों को कभी पूरा नहीं होने देंगे। देश के संसाधनों पर पहला हक गरीबों का है, इसी अवधारणा को साकार करते हुए मोदी सरकार, गरीबों के हित में सर्वाधिक योजनाएं चलाकर उनके जीवन में उजाला कर रही है।

## अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति ने मतदान की ली शपथ



**रायपुर 6 मई।** अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति के बैठक प्रदेश कार्यालय में संपन्न हुआ जिसे संगठन विस्तार संगठन द्वारा आयोजित आगामी कार्यक्रम परशुराम जन्मोत्सव तथा आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान करने हेतु संकल्प लिया । प्रदेश अध्यक्ष योगेश तिवारी ने बताया की 7 मई को लोकसभा के तीसरे चरण के चुनाव में उपस्थित सभी सदस्यो ने मतदान करने तथा अपने जान पहचान दोस्त और रिश्तेदार को भी मतदान करने हेतु प्रेरित करने का संकल्प लिया । 10 मई को भगवान परशुराम जी के षोडशोपचार पूजन हवन पश्चात छाछ एवम शरबत वितरण का कार्यक्रम रखा गया है । उपरोक्त बैठक में संगठन के श्रीमती सविता वीरेंद्र शर्मा,श्रीमती सुनीता तिवारी,श्रीमती साधना शुक्ला,अवधेश धर दीवान ,श्रीमती उमा तिवारी,अमित मिश्रा,श्रीमती सुभद्रा तिवारी आदि उपस्थित थे ।

## कांग्रेस नेताओं ने बूथ अध्यक्षों को दिए बूथ मैनेजमेंट के टिप्स

**रायपुर 6 मई।** रायपुर लोकसभा में 7 में को मतदान होना है जिसको देखते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने रायपुर शहर के अंतर्गत आने वाले चारों विधानसभा के बूथ अध्यक्षों एवं एजेंट को ट्रेनिंग दी,राजीव भवन में हुई इस ट्रेनिंग कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज सहित कांग्रेस के तमाम नेता गण उपस्थित थे। बैठक में बूथ एजेंटो को मतदान की प्रक्रिया को बारीकी से समझाया गया। मशीन की जांच से लेकर माकपोलिंग को समझाया गया।फर्जी मतदान के साथ दावा आपत्ति के लिए फॉर्मेट भी प्रदान किया गया।बूथ में बैठने के लिए किट भी प्रदान की गई साथ ही बाहर बैठने वाले एजेंटो के लिए मतदाता पर्ची भी उपलब्ध कराई गई। मतदाताओं के लिए पंडाल ठंडे पानी की व्यवस्था कूलर इत्यादि जरूरतों की व्यवस्था भी कराई जाएगी।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नन्दकिशोर पांडे की जन्म शताब्दी पर कविता पाठ



**रायपुर 6 मई।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व0नन्दकिशोर पांडे जी जन्म शताब्दी वर्ष पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कवि संजीव ठाकुर ने उक्त ओजपूर्ण पंक्तीयां अर्पित कीं। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व, नंद किशोर पांडे जी का जन्म शताब्दी वर्ष उनके पुत्र चंद्रकांत पांडे के निवास में गायत्री मंदिर के सामने समता कॉलोनी रायपुर में पुष्पांजलि अर्पित कर सादगी एवं गंभीरता से मनाया गई। चंद्रकांत पांडे, स्वतंत्रता संग्राम उत्तराधिकारी परिषद् के अध्यक्ष मुरली मनोहर खण्डेलवाल एवं अन्य सदस्यों पुष्पांजलि अर्पित कर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व,नंदकिशोर पांडे जी द्वारा स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए अत्यंत महत्वपूर्ण शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक योगदान के बारे में विस्तृत रूप से उल्लेख किया। इस अवसर पर लेखक, कवि संजीव ठाकुर ने विशेष रूप से उपस्थित रहकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय नंद कुमार पांडे जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए ओजपुर्ण कविता सुनाई

जिंदगी वतन की पहरेदार हो जाए मौत भी आए तो शर्मशार हो जाए। वतन की आबरू पर खून बहा दो इतना, कि बहते हुए लहू को वतन से प्यार हो जाए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के उत्तराधिकारियों के बीच पहुंचकर उन्हें गर्व के साथ महत्वपूर्ण एहसास हो रहा है। नन्ही बालिका स्मृति अहीर द्वारा गीत और निर्त्य प्रस्तुत किया गया। इस शताब्दी वर्ष के आयोजन पर स्वतंत्रता संग्राम उत्तराधिकारी परिषद के सदस्य द्वारा चुनाव के समय सत्य प्रतिशत मतदान करने के संकल्प के साथ राजेंद्र चतुर्वेदी, पूर्व पुलिस महानिरीक्षक प्रदीप नारायण तिवारी, डॉ अंजनी कुमार शुक्ला,समाजसेवी सुभाष शर्मा, डॉ अखिलेश त्रिपाठी, अपूर्व पांडे,सोनल पांडे, करुणा पांडेय,मंगल सिंह, दिनेश चंद्राकर,निशांत तिवारी, रमा जोशी,रेखा जोशी, शैलेंद्र राठौर सुनील बाजारी, शशांक रायचा,किशोर अग्रवाल, राजेंद्र उमाठे,पी संतोष नायडू,सुरेश मिश्रा आदि ने स्वर्गीय नंदकुमार पांडे को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।इस आयोजन में चंद्रकांत पांडे तथा पूरे परिवार ने पूर्ण सहयोग किया। कार्यक्रम का समापन खड़े होकर राष्ट्रगान से किया गया। यह जानकारी सुनीता संग्राम सेनानी स्वर्गीय नंदकिशोर पांडे के सुपुत्र चंद्रकांत पांडे जी द्वारा दी गई।

आवश्कता है

शिव धाम (अघोरेश्वर महादेव मंदिर) तुलसी (पाटन) में एक ऐसे परिवार, जो साफ-सफाई, रख-रखाव, भोजन व्यवस्था कर सके, की आवश्यकता है। राशन मंदिर समिति की ओर दिया जाता है। मासिक पारिश्रमिक 10000 रुपए।

संपर्क करें -98261 74789




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26